C M Y K

संस्थापक :
जननेता स्व. रोशनलाल अग्रवाल
रायगढ़ सोमवार 03 जुलाई 2023

# जनकर्म

श्रेष्ठ होना कोई कार्य नही बल्कि यह हमारी एक आदत है जिसे हम बार बार करते है।
- अरस्तु

वर्ष 31 / अंक 348 / पृष्ठ 08 / मूल्य 3.00 रूपए | जनकर्म रायगढ़ | आरएनआई क्र. 56415/93 डाक पंजीयन क्र. 001/रायगढ़/2018-2020

## पानी की परेशानी : अफसरों की अदूरदर्शिता व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता है वजह

# गर्मी के बाद बारिश का बहाना, अमृत मिशन से क्यों नहीं बुझ पा रही शहरवासियों की प्यास..

**जनकर्म न्यूज**

**रायगढ़।** गर्मी के बाद अब भरी बरसात में भी शहरवासी पानी कर किल्लत का सामना कर रहे हैं। आधे से ज्यादा शहर में अमृत मिशन के पानी की सप्लाई प्रभावित है। दिन में 3 की जगह दो बार ही पानी सप्लाई की जा रही है,वह भी करीब आधे घंटे। अफसरों की अदूरदर्शिता व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण निर्मित हुई पानी की इस परेशानी से शहर की आधी से ज्यादा जनता त्रस्त है।

गर्मी चली गई, लेकिन नगर निगम पानी सप्लाई की व्यवस्था को दुरूस्त नहीं कर पाया। अब बरसात में भी लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। जिससे नगर निगम व शहर सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। शहर के वार्ड क्रमांक 2,3,7, 9,16,17,28, 29, 30, 31, 35, 38, 41 सहित कई वार्डों में पानी की विकराल समस्या है। जब से जल आवर्धन को बंद कर अमृत मिशन का कनेक्शन हुआ लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। वर्तमान में कई वार्डों में न तो पानी समय से पहुंच रहा है और न ही पानी फोर्स से आ रहा है।वहीं अब तो पानी सप्लाई का समय भी एक घंटे से कम कर दिया गया है। वार्ड क्रमांक 30 बाजीराव पारा में पानी की सबसे ज्यादा समस्या है। स्थानीय लोगों से पता चला कि यहां पानी न के बराबर आ रहा है। कभी 20 मिनट आता है तो कभी फोर्स नहीं रहता है। यही हाल बावली कुंआ बैकुंठपुर व हंडी चौक तथा गौशाल पारा का भी है। वार्ड क्रमांक 38 की पार्षद फुलकुमारी भट्ठ स्वयं इस बात को स्वीकार रही हैं कि जब से अमृत मिशन का कनेक्शन हुआ है उनके और आसपास के घर में अमृत मिशन का एक बूंद पानी भी नहीं आया है। वो बोर पंप पर ही निर्भर हैं। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 7 में भी अमृत मिशन का पानी नहीं पहुंच रहा है, यहां के लोग भी आए दिन पानी की समस्या को लेकर निगम आते रहते हैं।



### मटमैला पानी साफ होने में लग रहा समय

नदी में मटमैला और बदबूदार पानी आने से इसका असर नलों पर भी दिख रहा है। उद्योगों के फ्लाईऐश और गंदा पानी से नदी काफी हद तक प्रदूषित हो रहा है।इसके अलावा संबलपुरी नाला का पानी भी इंटकवेल के पास आकर नदी में मिल रहा है, जिससे भी पानी में प्रदूषण मिल रहा है।ऐसे में गोवर्धनपुर स्थित 32 एमएलडी फिल्टर प्लांट में पानी को साफ करने में अतिरिक्त समय लग रहा है।इससे कई क्षेत्रों में कम मात्रा में को कई क्षेत्रों में देर से पानी की सप्लाई हो रही है।

शहर के 10-12 वार्डों में पानी की समस्या है। शहर के सभी 6 टंकियों में पानी की सप्लाई पूरी तरह बाधित है। गोवर्धनपुर फिल्टर प्लांट में बिजली की भी समस्या है। केलो नदी में दूषित पानी आ रहा है, जिसे फिल्टर होने में 12 घंटे समय लग रहा है। जिससे नगर निगम शहरवासियों को 20 मिनट ही पानी दे रहा है। केलो नदी में जो उद्योगों का अपशिष्ट और फ्लाईऐश जा रहा है उसे जिला प्रशासन रोके। उद्योगों के उपर जिला प्रशासन का नियंत्रण नहीं है।
**-सुभाष पांडेय, पार्षद वार्ड क्रमांक 16**

मेरे वार्ड में पानी की काफी समस्या है। मेरे, पूर्व पार्षद सहित आसपास के दर्जनभर से अधिक घरों में जब से अमृत मिशन का कनेक्शन हुआ है पानी ही नहीं आया है। हम वार्ड में लगे बोर पंप पर आश्रित है। नगर निगम द्वारा बोर पंप को भी निकाला जा रहा था, जिसे मैनें मना की हूं। कभी बोर पंप खराब होने से क्षेत्रवासियों को और भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गर्मी खत्म होने के बाद अब बरसात में भी पानी की किल्लत से वार्डवासी जूझ रहे हैं।
**-फुलकुमारी भट्ठ, पार्षद वार्ड क्रमांक 38**

### बोर बंद करने की क्या थी जल्दी

**नगर निगम के अधिकारी कहते हैं कि जो टंकी से दूरस्थ इलाके हैं वहां पानी की समस्या है, लेकिन इसके समाधान की बात आती है तो वही अधिकारी खुद को लाचार बताते हैं। अगर ऐसा ही है तो अमृत मिशन की पूरी टेस्टिंग होने से से पहले वार्डों से बोर पंप व पाइप लाइन निकालने की क्या जरूरत थी। अभी जरूरत के समय में बंद बोर पंपों को चालू किया जा सकता था, लेकिन निगम के अफसरों की मनमानी का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है और शहर के भाजपा व कांग्रेस पार्षद भी इस परेशानी के हल के लिए कोई ठोस उपाय नहीं कर रहे हैं।**

## रायगढ़ में रोजगार मेला आज 400 पदों पर होगी भर्ती

### कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर रोजगार विभाग लगा रहा रोजगार मेला


**जनकर्म न्यूज**

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोडने् के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। युवाओं में कौशल विकास तथा रोजगार के मौके उपलब्ध कराने के लिए इस दिशा में जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रही है। ताकि प्लेसमेंट एवं रोजगार मेला के माध्यम से स्थानीय युवाओं को यहां के उद्योगों में अधिक से अधिक रोजगार मिले। बीते अप्रैल से अभी तक 1100 युवाओं को ऑफर मिल चुके है। इसी कड़ी में आगामी 3 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा 400 पदों पर भर्ती की जायेगी। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी श्री रामजीत राम ने बताया कि निजी क्षेत्र की रिक्तियों में 3 जुलाई 2023 को प्रातः 10 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला के माध्यम से मेसर्स चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्रा.लि.रायगढ़ में कस्टमर रिलेशनशिप ऑफिसर के लिए 50 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए न्यूनतम 12 वीं पास होना अनिवार्य है। इसी तरह मे.एसआईएस सिक्यूरिटी कंपनी लि.रायगढ़ में सिक्यूरिटी गार्ड के 50 पद एवं मे.एसआईएस सिक्यूरिटी कंपनी लि.जशपुर में सिक्यूरिटी गार्ड के 200 पदों में




भर्ती की जाएगी। इसके लिए न्यूनतम 10 वीं पास होना अनिवार्य है। इसी प्रकार मे.एसआईएस सिक्यूरिटी कंपनी लि.जशपुर में ही ग्रेजुएड ट्रेनी ऑफिसर के 100 पदों पर भर्ती ली जाएगी। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता स्नातक मांगी गयी है। इसके साथ ही रायगढ़ ऑटोमोबाइल प्रा.लिमिटेड, जगतपुर रायगढ़ में 10 सेल्स एक्जेक्टिव एवं 2 मैकेनिक के पद पर भर्ती की जाएगी। जिसके लिए योग्यता 10 वीं एवं 12 वीं उत्तीर्ण होना जरूरी है।

## डबरी की सफाई नहीं, बारिश में फिर होगा बावलीकुआं व धांगरडीपा में जलभराव



### पहली बारिश में ही इन क्षेत्रों में भर गया था पानी



**जनकर्म न्यूज**

**रायगढ़।** भुजबंधान तालाब किनारे डबरी की सफाई सिर्फ खानापूर्ति ही नजर आ रही है। अतिक्रमण का शिकार हो चुकी डबरी में कचरा,गाद व झाड़ियों को निकालने की जगह निगम ने कुछ देर के लिए जेसीबी चलाकर पल्ला झाड़ लिया है। हाल ही हुई बारिश में बावलीकुआं व धांगरडीपा क्षेत्र में जलभराव हो गया था। वहीं अब फिर से क्षेत्रवासी चिंतित नजर आ रहे हैं।

शहर के बावली कुआं मोहल्ला से एक नाला शुरू होता है जोकि भुजबंधान के पास डबरी में जाकर रूक जाता है। इस नाला में कोतरारोड, बैकुण्ठपुर, विकासनगर, रंग कारखाना, चूना भट्टा, शिवम विहार सहित आसपास के क्षेत्रों का पानी आता है। चूंकि बावलीकुआं, धांगरडीपा मोहल्ला ढलान में बसा हुआ है। ऐसे में यहां लगातार आधे घंटे की बारिश में पूरे इलाके में पानी भर जाता है। स्थिति यह हो जाती है कि बारिश और नाले का पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। क्योंकि नाला मात्र 2 फीट चौड़ा है और गहराई भी नहीं है। जिसके नए सिरे से निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधियों ने भी चुप्पी साध रखी है। वहीं भुजबंधान के पास जिस डबरी में यह पानी जाकर रूकता है वहां की सफाई भी पिछले कई सालों से नहीं हुई है। सच्चाई यह है कि इस डबरी की सफाई हो जाए तो डबरी में हुए अतिक्रमण नजर आने लगेंगे। वहीं अगर इस डबरी की सफाई हो जाए तो पानी तालाब के पास स्थित बड़े नाले में जाकर मिलेगा और प्रभावितों को इस समस्या से राहत मिल जाएगी। इधर निगम डबरी सफाई का दावा कर रही है, ऐसे में आने वाले दिनों में अगर फिर से मूलसाधार बारिश हुई तो प्रभावितों के घर में फिर से पानी घुस जाएगा, जिसकी चिंता उन्हें अभी से सजा रही है।

### नाला से मलबा तक नहीं हटाया

डबरी से लगा जो नाला है उस नाले की भी ठीक तरह से सफाई नहीं की गई है। नाले में मलबा नजर आ रहा है। जिससे नगर निगम का नाला सफाई अभियान सिर्फ दिखावा है। क्योंकि जब लोगों को बारिश में उतनी ही परेशानी हो, जितनी वो झेलते आ रहे हैं तो फिर इस तरह का दिखावा आखिर क्यों किया जा रहा है। इस अभियान से कई वार्डों के पार्षद भी असंतुष्ट हैं।

## किसान की मौत के बाद मुआवजा की मांग को लेकर गुस्साए ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

### वाहन मालिक ने दी सहयोग राशि तब शांत हुआ मामला

**जनकर्म न्यूज**

**रायगढ़।** शनिवार की शाम चपले के पास पिकअप की टक्कर से किसान की मौत के बाद रविवार की सुबह परिजनों व ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। गुस्साए ग्रामीणों ने सेंद्रीपाली गांव के पास मुख्य मार्ग में चक्काजाम कर दिया। वो वाहन चालक की गिरफ्तारी और वाहन मालिक से मुआवजा राशि की मांग कर रहे थे। मालिक द्वारा सहायता राशि मिलने पर लोग शांत हुए।



दरअसल चिराईपानी में टाटा मोटर्स का हरिओम मोटर्स नामक एजेंसी है। शनिवार को एजेंसी के पिकअप में यहां कार्यरत कर्मचारी कंपनी का वाहन बनाने खरसिया गए थे। जहां से वो तेज रफ्तार वाहन चलाते हुए लौट रहे थे तभी चपले तरफ से सेंद्रीपाली गांव का किसान सुंदर लाल पटेल अचानक मुख्य सड़क पर आ गया। जिससे पिकअप चालक वाहन से संतुलन खो बैठा और किसान को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को पकड़ कर कोतरारोड थाने में रखवा दिया है, लेकिन चालक लापता है। रविवार की सुबह मृतक के परिजन व ग्रामीण मुख्य मार्ग में चक्काजाम कर दिए। उनका कहना था कि चालक की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो और वाहन मालिक पीड़ित परिजन को मुआवजा राशि दे। तब पुलिस ने कंपनी के मालिक से बात कर पीड़ित परिजनों को 50 हजार रुपए दिलाया। तब जाकर मामला शांत हुआ। इस दौरान इस मार्ग में घंटों जाम लगा रहा।

## एचपी गैस गोदाम से 8 सिलेंडर की चोरी शक के दायरे में गांव का एक ग्रामीण

### लारीपानी समिति के प्रबंधक ने थाने में की रिपोर्ट, अपराध दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**जनकर्म न्यूज**

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत एचपी गैस के गोदाम का ताला तोड़ कर अज्ञात चोर ने 8 सिलेंडर को पार कर दिया। क्षेत्र के लोग गांव के एक ग्रामीण पर चोरी की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। इधर लारीपानी समिति प्रबंधन की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। नरेश कुमार भोय पिता महादेव प्रसाद भोय (37) ग्राम केशला में रहता है और सेवा सहकारी समिति मर्यादित लारीपानी में समिति प्रबंधक के पद पर पदस्थ है। उसने अपनी रिपोर्ट में बताया कि ग्राम भकुर्रा स्थित एचपी गैस गोदाम भवन में प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना के तहत वितरण करने के लिए गैस टंकी को रखा जाता है। जिसकी देखरेख प्रबंधक के अलावा लिपिक पिताम्बर बैरागी व ऑपरेटर सुरेश चौहान द्वारा किया जाता है। दिनों बारिश होने के कारण ये लोग गोदाम के देखरेख नियमित नहीं कर पा रहे थे। 26 जून को लिपिक पिताम्बर गोदाम को देखकर आया था तब सब ठीक था। 27 जून की सुबह 8 बजे गोदाम जाकर देखा तो बाउण्ड्रीवाल के मुख्य दरवाजे का ताला व गोदाम का भी ताला टूटा हुआ था। गोदाम में रखे 8 सिलेंडर को कोई अज्ञात चोर पार कर दिया था। गांव वालों ने ग्राम झगरपुर के एक ग्रामीण को गोदाम के आसपास संदिग्ध परिस्थितियों में देखने की बात बताई है। ऐसे में पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## मंगलूडीपा बिरयानी सेंटर के पास भारी मात्रा में देशी, अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी से 65 पाव देशी व अंग्रेजी शराब और 5 बियर बोतल जप्त

**जनकर्म न्यूज**

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन तथा प्रशिक्षु आईपीएस श्री उदित पुष्कर, थाना प्रभारी कोतरारोड़ के नेतृत्व में कल शाम कोतरारोड़ पुलिस द्वारा मंगलूडीपा रोड किनारे बिरयानी सेंटर के पास एक व्यक्ति के अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने की मुखबिर सूचना पर शराब रेड कार्रवाई किया गया। कोतरारोड़ पुलिस ने मौके पर रेड कर आरोपी - रहमान खान पिता स्व0 सुलेमान खान उम्र 48 वर्ष सा0 इंदिरानगर, गंगाराम तालाब के पास थाना सिटी कोतवाली को हिरासत में लिया गया जिसके कब्जे से करीब 9 हजार रूपये की शराब- 32 पाव देशी प्लेन शराब, 33 पाव अंग्रेजी शराब (गोवा, रायल चैलेंज, मैकडॉवल्स नंबर 1) और 5 हायवर्ड बियर बोतल एवं शराब



बिक्री रकम 1,260/- रूपये जप्त किया गया है। आरोपी रहमान खान के कृत्य पर थाना कोतरारोड़ में धारा 34 (2), 59 (क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर आरोपी को आज रिमांड बाद जेल दाखिल किया गया है।

## स्वास्थ्य कर्मचारियों की 6 सूत्रीय मांग,कल से जाएंगे हड़ताल पर

**जनकर्म न्यूज**

**रायगढ़।** चुनावी साल और विस के मानसून सत्र से पहले कर्मचारी संगठनों ने सरकार पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है। अब स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने भी हड़ताल की धमकी दे कर सरकार की परेशानी बढ़ा दी है। छत्तीसगढ़ में 4 जुलाई से स्वास्थ्य सेवाएं ठप हो सकती है। प्रदेशभर के स्वास्थ्य कर्मचारी अनिश्चिकालीन हड़ताल पर रहेंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारी अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल करने जा रहे हैं। इस अनिश्चिकालीन हड़ताल से कई स्वास्थ्य सुविधाएं बुरी तरह से प्रभावित हो सकती है। क्योंकि रेडियोग्राफर, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी, नेत्र सहायक अधिकारी ओटी टेक्नीशियन,स्टॉफ नर्स,वार्ड बॉय ,आया बाई सभी हड़ताल पर रहेंगे। रेडियोग्राफर प्रकोष्ठ के प्रांतीय संयोजक संतोष देवांगन ने बताया की पिछले कई साल से वे सीएम से लेकर स्वास्थ्य मंत्री और विभागीय अधिकारियों के पास कई दफे अपनी मांगे लेकर गए हैं। लेकिन अब तक मांगे पूरी नहीं हुई है। कई बार एक दिवसीय, तीन दिवसीय, सांकेतिक हड़ताल किए पर खाली आश्वाशन देते गए मांग पूरा नहीं हुआ तो मजबूरी में 4 जुलाई 2023 से अनिश्चित कालीन हड़ताल में जाने पर मजबूर हो गए हैं।









**जनकर्म**

रायगढ़, सोमवार 03 जून 2023

**विजेता बोलते हैं कि मुझे कुछ करना चाहिए, जबकि हारने वाले बोलते हैं कि कुछ होना चाहिए।**
**- शिव खेरा**

## हरियाणा में भाजपा का तालमेल टूटेगा

भारतीय जनता पार्टी देश भर में नए सह्योगी तलाश रही है। साथ छोड़ कर चले गए पुराने सह्योगियों को वापस लाया जा रहा है। लेकिन हरियाणा में ऐसा लग रहा है कि भाजपा अपनी सह्योगी जननायक जनता पार्टी से पीछा छुड़ा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हरियाणा दौरे के बाद इस बात की चर्चा तेज हो गई है कि अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा और जजपा का तालमेल नहीं रहेगा। हालांकि यह तय नहीं हैं कि जजपा राज्य सरकार में रहेगी या नहीं लेकिन यह तय बताया जा रहा है कि भाजपा लोकसभा की सभी 10 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। अगर भाजपा अकेले चुनाव लड़ने का फैसला करती है तो मजबूरी में जजपा को सरकार से अलग होना पड़ सकता है। उसके बाद भी निर्दलीय विधायकों के दम पर सरकार चलती रह सकती है। उस समय कोई भी सरकार गिराने की नहीं सोचेगा क्योंकि लोकसभा चुनाव के तीन चार महीने बाद ही विधानसभा के चुनाव होते हैं। पहले कहा जा रहा था कि विधानसभा का चुनाव इस बार लोकसभा के साथ ही हो सकता है लेकिन इसकी संभावना कम है। लोकसभा के साथ किसी ऐसे राज्य का चुनाव नहीं होगा, जहां भाजपा सरकार में है या मजबूत स्थिति में है। असल में लोकसभा की कई सीटों को लेकर समीकरण नहीं बैठ रहा है। मिसाल के तौर पर हिसार सीट देख सकते हैं, जिस पर जजपा के नेता और राज्य के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की नजर है। वे पहले वहां से लड़ते रहे हैं। इसी तरह चौटाला परिवार की पारंपरिक सिरसा सीट पर भी उनकी नजर है। दूसरी ओर हिसार सीट पर पूर्व आईएएस बृजेंद्र सिंह भाजपा सांसद हैं, जो बीरेंद्र सिंह के बेटे हैं। कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए कुलदीप बिश्नोई भी इसी सीट के दावेदार हैं। सो, भाजपा पहले से ही अपने दो नेताओं की खींचतान में फंसी है। भाजपा के एक जानकार नेता का कहना है कि बात एक या दो सीटों की नहीं है, बल्कि पार्टी इस भरोसे में है कि नरेंद्र मोदी के नाम पर वह इस बार भी दसों सीट जीत सकती है। इसलिए वह किसी के लिए सीट नहीं छोड़ना चाहती।

# शिक्षा सत्र 23-24 के लिए हमारी संकल्पना

आज हम सभी शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के कारण पालकों अभिभावकों में बेहद हलचल हड़बड़ी वाली स्थिति होती है। अब नये और पुराने विद्यार्थी की बात है। नये विद्यार्थी के लिए कुछ परेशानी होती है कि पाठशाला कौन सा ठीक रहेगा फीस की क्या स्थिति है दूरी कितनी है मीडियम क्या होनी चाहिए ये सब सोचनीय बिन्दु रहता है और परिवार के सभी लोगों की राय लेनी होती है इनके निर्णय से ही बच्चे का प्रवेश संभव हो पाता है। इसके अलावा बड़े बच्चों का प्रवेश जो हो चुका रहता है उसे आगे बढ़ाना पड़ता है ज्यादा परेशानी नही रहती है। छोटे बच्चे की मानसिकता थोड़ी अलग रहती है जब तक दो तीन महिना नही बीतता है तब तक माता पिता थोड़े व्याकुल से रहते है। इधर विद्यालय में क्या तैय्यारी रहती है। चूंकि 17 जून से विद्यालय प्रारंभ हो जाता है तो कक्षा कक्ष की सफाई बाथरूम से लेकर प्रांगण तक की सफाई धुलाई पोछाई होती है स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है फिर किताबें ड्रेस एवं अन्य जो जरूरी बाते हैं उसका ध्यान रखा जाता है ताकि विद्यार्थी के आते ही सभी बाते जो होनी चाहिए उसकी उचित व्यवस्था इन्तजाम सब हो जावे। किसी प्रकार की कमी न हो इस बीच ग्रीष्म ऋतु समाप्त होगा वर्षा ऋतु प्रारंभ हो चुकी रहती है मानसून आ चका रहता है वर्षाकाल प्रारंभ हो चुकी रहती है तो बच्ये सहित स्टाफ के लिए भी रैन कोट छाता के लिए हिदायत दी जाती है ताकि केई भीगता भागता न पहुंचे उसके भी रख रखाव का ध्यान बेहद जरूरी हो जाता है। अब समय सारिणी के अनुसार कालखण्ड की व्यवस्था उसके समय का अनुपालन विषयश: योग्य गुरूजनों का चुनाव तथा बच्चों के भोजनावकाश लघुशंका की व्यवस्था सभी शामिल है। यदि से सब समस्या होता है तो शिक्षा दान में कमी नही रहती है व्यवस्थित शुरू होता है। हमारी शिक्षा पध्दति या अंग्रेजी या हिन्दी माध्यम है तो उसी के अनुरूप शिक्षा की व्यवस्था समय सारिणी प्रवेश व्यवस्था व्यवहारिक सभी बातों का ध्यान आवश्यकतानुसार रखा जाता है। शासन का निर्देश पत्र प्राप्त होता है जिसमें महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर जानकारी प्रदान होता है। उसी में एक बात मान्यता की होती है जो प्रत्येक शैक्षणिक संस्था के लिए जरूरी होता है और उसी आधार पर हमारी उपयोगिता सिध्द होती है। अब आगे ध्यान देना होता है शैक्षणिक वार्षिक कलेकण्डर के अनुसार कार्यक्रमों की तो संस्था अपने विद्यालय में अपनी संस्कृति पर्व उत्सवों को प्रमुखता देते हुए वार्षिक कार्ययोजना का निर्माण करती है ताकि शैक्षिक गतिविधियों के अलावा अन्य कार्यक्रम के साथ ही साथ चलते रहे। इसके विद्यार्थियों में गुणवत्ता और अपने पर्व उत्सवों को मनाने की परंपरा चलती रहे उसका ध्यान रहे इसमें खेलकूद सांस्कृति कार्यक्रम शारीरिक गतिविधियां भी शामिल हैं। और इसी कड़ी के अब नई शिक्षा नीति के तहत अन्य क्षेत्रीय भाषा का भी ज्ञान देना होगा इसमें तकनीकी एवं अन्य विषयों की शिक्षा भी देनी होगी ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके नई शिक्षा नीति एक वृहत शैक्षिक कार्ययोजना है और इसमें विद्यार्थियों की गुणवत्ता को निखारने का कार्य गुरूजन मिलकर करेंगें यह बहुमुखी शैक्षिक योजना को गुरूजन अपनी गुणवत्ता निपुणता से पूर्ण करेंगें तभी यह योजना देश`मं सफल होगी इसके लिए बैठकें कार्ययोजना हेतु पत्राचार का अदान प्रदान सामग्रियों का एकग्रीकरण एवं क्रियान्वयन सभी शामिल है शिक्षाविदों ने इस क्रियान्वयन हेतु वृहत तैय्यारी भी की है ताकि यह पूर्ण रूप से सफल हो सके।

आज हमारा और समाज का झुकाव अंग्रेजी माध्यम की ओर झुकाव हो रहा है आपको ध्यान में आना चाहिए कि संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद भारत के अंग्रेजी बोलने वाले लोग है ऐसा माना जाता है लगभग 10 प्रतिशत लोग अंग्रेजी बोलते हैं। जबकि 45 प्रतिशत से अधिक हिन्दी बोलने वाले है। आप मातृभाषा में जितना अच्छा लिख सकते है बोल सकते हैं दूसरी भाषा में वो नहीं कर सकते हैं। या तो आपको सीखना पड़ेगा या रहना मेरा सुझाव है कि आप अंग्रेजी विषय में ट्यूशन पढ़ व्याकरा पूर्ण करे आप अच्दे जानकार हो जायेंगें आपको माध्यम की जरूरत ही नही है। क्या कोई रट्टा मारके सीखता या लिखता है नही अतैव आप हम सब 2023-2024 के लिए अच्छी योजना बनाकर अच्छे कार्यक्रम एवं योजनाबध्द तरीके से अध्ययन करवाके बच्चों की दशा एवं दिशा मोड़ सकते हैं। नई तकनीक एवं नये आधार विषयों के तहत उन्हें दीक्षित कर सकते हैं। आप प्रत्येक विद्यार्थी को नही कुछ विद्यार्थियों के लिए अपना समय और कुछ अंशदान देकर उनका भला कर सकते हैं।



**- गणेश यादव**
स्तंभकार, दानीपारा, रायगढ़

# एनडीए को रिवाइव करने की कोशिश

भाजपा कितनी शिद्दत से लोकसभा चुनाव की तैयारी में लगी है और कैसे विधानसभा चुनाव पर ज्यादा ध्यान नहीं दे रही है इसका एक संकेत इस बात से भी है कि वह पुराने एनडीए को रिवाइव करने की कोशिश कर रही है। पुरानी सहयोगी पार्टियों को किसी तरह से भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन में लाने की कोशिश हो रही है। यह देखना दिलचस्प है कि ये सारे सहयोगी उन राज्यों में हैं, जहां इस साल चुनाव नहीं हो रहे हैं। इस साल जहां चुनाव हो रहे हैं वहां भाजपा अकेले ही लड़ने वाली है। किसी के साथ कोई तालमेल नहीं होना है। इसके बावजूद वह गठबंधन को लेकर लगातार बैठकें कर रही है।

संभावित सहयोगियों के साथ तालमेल की बारीकियां तय कर रही है। पिछले दिनों केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा टीडीपी नेता और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से मिले। अमित शाह तेलुगू सुपर सितारे चिरंजीवी और उनके बेटे रामचरण से मिले तो जूनियर एनटीआर से भी उनकी मुलाकात हुई। आंध्र प्रदेश में टीडीपी और पवन कल्याण की जन सेना के साथ तालमेल की बात हो रही है।

कर्नाटक में भी भाजपा और जेडीएस के तार जुड़े हैं। जेडीएस के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने भाजपा के साथ तालमेल का बहुत खुला संकेत दिया। भाजपा वहां उसी तर्ज पर तालमेल कर सकती है, जिस तर्ज पर उसने 2019 में बिहार में नीतीश कुमार की पार्टी के साथ किया था। भाजपा अपनी जीती हुई सीट जेडीएस के लिए छोड़ सकती है। सोचें, विधानसभा चुनाव तेलंगाना में है लेकिन भाजपा तालमेल आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में कर रही है और तमिलनाडु में तालमेल बचाए रखने के प्रयास कर रही है। इसी तरह भाजपा बिहार में नए सहयोगी जोड़ रही है। नीतीश कुमार के साथ छोड़ने से होने वाले संभावित नुकसान की भरपाई के लिए जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा, उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक जनता दल और मुकेश सहनी की विकासशाली इंसान पार्टी से भाजपा तालमेल करेगी। चिराग पासवान और पशुपति पारस की पार्टियों के साथ उसका तालमेल है। पंजाब में फिर से अकाली दल के साथ तालमेल की बात चल रही है। बताया जा रहा है कि तालमेल पर सैद्धांतिक सहमति बन गई है और अब सीट बंटवारे पर बात हो रही है। इन दोनों राज्यों में भी विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के बहुत बाद में होने हैं। सो, इस साल जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं उन राज्यों में भाजपा की तैयारी हो रही होगी लेकिन इसके साथ साथ भाजपा लोकसभा चुनाव की तैयारियां कर रही है। राज्यों में भाजपा की रैलियां होंगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर औरर मध्य प्रदेश के भोपाल से इसकी शुरुआत भी कर दी है। लेकिन इसके साथ साथ पूरे देश में भी नेताओं के दौरे हो रहे हैं। अमित शाह ने महाराष्ट्र, हरियाणा, बिहार आदि ऐसे राज्यों में रैलियां की हैं, जहां लोकसभा चुनाव में भाजपा को कुछ नुकसान का अंदेशा दिख रह है। उन्होंने तमिलनाडु में भी रैली की है, जहां कुछ हासिल होने की उम्मीद दिख रही है।

**- हरिशंकर व्यास**

## चिंतन मनन

### कोई भी परिस्थिति हो, ये काम कभी बंद ना करें

अपने विचारों का मूल्यांकन करना कभी भी बंद न करें, क्योंकि विचारों का प्रवाह अनवरत और कभी-कभी अत्यधिक भी हो जाता है। हर नया विचार पुराने को चुनौती देता है। यहीं से भ्रम भी पैदा होता है और कभी-कभी अधिक विचार आने से निर्णय भी गलत हो जाते हैं। रावण के साथ यही हुआ। वह बहुत विद्वान था। लिहाजा उसके भीतर विचारों की भरमार थी।

सुंदरकांड का दृश्य है। रावण के दरबार में हनुमानजी निर्भीक खड़े थे। दोनों का वार्तालाप शुरू होता है।

कह लंकेस कवन तैं कीसा। केहि कें बल घालेहि बन खीसा।।

की धौं श्रवन सुनेहि नहिं मोही। देखउं अति असंक सठ तोही।। लंकापति रावण ने कहा - रे वानर! तू कौन है? किसके बल पर तूने वन को उजाड़कर नष्ट कर डाला? क्या तूने कभी मेरा नाम और यश नहीं सुना? रे शठ! मैं तुझे अत्यंत निरूशंक देख रहा हूं। मारे निसिचर केहिं अपराधा। कहु सठ तोहि न प्रान कइ बाधा।। तूने किस अपराध से राक्षसों को मारा? बता, क्या तुझे प्राण जाने का भय नहीं है? यहां रावण ने हनुमानजी से पांच प्रश्न पूछे। इन शब्दों में अहंकार भरा हुआ था। रावण ने अपने ही विचारों को शब्दों से जोड़ने के लिए अहंकार का सेतु बनाया, जबकि विश्लेषण के साथ शब्द प्रस्तुत करने थे, क्योंकि सामने हनुमानजी खड़े थे।

हनुमानजी की विशेषता यही थी कि वे अपने विचारों का मूल्यांकन करते रहते थे। दरअसल रावण यह मानता ही नहीं था कि वह अहंकारी है। उसके हिसाब से तो जो वह कर रहा होता था, वही सही माना जाए। उसके पास सबकुछ होने के बाद भी वह अव्वल दर्जे का भिखारी था। यहीं से हनुमानजी उसे बुद्धि का दान देना शुरू करते हैं।

## गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व पर गुरू की महिमा सो ही जाने

### गुरू महिमा

गुरू की महिमा सो ही जाने।
जो गुरु के मन की आँखों से,
देखे और पहचाने।।
गुरू है ब्रम्हा, गुरू है बिष्णु।
गुरु है, परमदानी शिवशंभू।।
मात पिता गुरु. बंधू सखा गुरु,
वेद शास्त्र सब यही बखानें।
गुरू की महिमा सो ही जाने।।
गुरू ज्ञान का दिव्य दिवाकर।
जो जीवन को करे उजागर।।
पावे विद्या भेद वही नर।
जो गुरू को तन-मन से माने।।
गुरू की महिमा सो ही जाने।।
जो सेवे गुरु चरण निरंतर।
पावे सुयश जन्म-जन्मांतर।
गुरू जीवित भगवान है जग में,
'बेदम' तू माने ना माने।।
गुरू की महिमा सो ही जाने।।

**- वेदमणि सिंह ठाकुर 'बेदम'**
दरोगापारा, रायगढ़ (छ.ग.)

# आस्था व श्रध्दा का पर्व है गुरूपूर्णिमा

गुरू पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं। वशिष्ठ जी के पौत्र पराशर ऋषि के पुत्र वेदव्यास जी जन्म के कुछ समय बाद ही अपनी मां से कहने लगे अब हम जाते हैं तपस्या के लिए। मां बोली बेटा पुत्र तो माता-पिता की सेवा के लिए होता है। तुम अभी से जा रहे हो? व्यास जी ने कहा- मां जब तुम याद करोगी और जरूरी काम होगा तब मैं तुम्हारे आगे प्रकट हो जाऊंगा। मां से आज्ञा लेकर व्यास जी तप के लिए चल दिए। वे बदरिकाश्रम गए। वहां एकान्त में समाधि लेकर रहने लगे।

बदरिकाश्रम में बेर पर जीवन यावन करने के कारण उनका एक नाम बादरायण भी पड़ा। व्यास जी द्वीप में प्रकट हुए इसलिए उनका नाम द्वैपायन पड़ा। काले रंग के थे इसलिए उन्हें कृष्णद्वैपायन भी कहते हैं उन्होंने वेदों का विस्तार किया इसलिए उनका नाम वेदव्यास भी पड़ा। भगवान वेदव्यास के नाम से ही आषाद शुक्ल पूर्णिमा का नाम व्यास पूर्णिमा पड़ा। व्यास जी ने वेदों के विभाग किए। ब्रम्हसूत्र व्यास जी ने बताया। पांचवां वेद महाभारत व्यास जी ने बनाया। 18 पुराणों की रचना वेदव्यास जी ने किया। व्यास पूर्णिमा का पर्व वर्षभर की पूर्णिमा मनाने के पुण्य का फल देता ही है। साथ ही नयी दिशा नया संकेत भी देता है। भगवान श्रीराम भी गुरू द्वार पर जाते थे और माता-पिता तथा गुरूदेव के चरणों में नमन करते थे।

गुरूजनों श्रेष्ठजनों एवं अपने से बड़ों के प्रति अगाध श्रध्दा का यह पर्व भारतीय सनातन संस्कृति का विशिष्ट पर्व है। संयम सहजता शांति और माधुर्य तथा जीते जी मधुर जीवन की दिशा बनाने वाली पूर्णिमा है। गुरूपूर्णिमा यह आस्था का पर्व है श्रध्दा का पर्व है समर्पण का पर्व है।

**- श्रीपति यादव**
योग आचार्य
रायगढ़

# आज का राशिफल

**मेष :** आज आपको किसी विशेष काम में दूसरे लोगों की मदद भी मिलेगी, साथ ही परिवार के लोग आपके हर फैसले के साथ होंगे, जीवन साथी के साथ भी बेहतर तालमेल बना रहेगा। बिजनेस में रुका हुआ पैसा मिलने की संभावना है।

**वृषभ :** आज समाज में आपको उचित आदर-सम्मान मिलेगा। आपके अच्छे व्यवहार से आसपास के लोग खुश रहेंगे। साथ ही आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। ऑफिस का काम समय पर पूरा हो जायेगा।

**मिथुन :** आज परिवार वालों के साथ धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवा सकते है। आपके मित्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। अचानक से कोई मददगार आपका अच्छा दोस्त बन सकता है।

**कर्क :** आज आपको थोड़ी मेहनत से ही बड़ा मुनाफा होगा। आप जीवनसाथी के साथ मधुर संबंध बनेंगे। आप दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ेगी। बच्चे दोस्तों के साथ किसी पिकनिक पर जा सकते हैं।

**सिंह :** आज आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। आपके परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी, जिससे आपको आनंद की अनुभूति होगी। आपकी किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

**कन्या :** आज आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेंगे। कार्यालय में आपको कोई नया काम मिल सकता है, जिसमें आप अपनी मेहनत से सफल होंगे। परिवार से जुड़े किसी काम के लिए थोड़ी भागदौड़ हो सकती है।

**तुला:** आज आपकी सारी मनोकामना पूरी होगी। कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात दिन को और बेहतर बना देगी। जीवन में तरक्की के नये रास्ते भी खुलेंगे। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी।

**वृश्चिक :** आज आपको बिजनेस के क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मदद मिलेगी। आपका सामाजिक जीवन भी आज हर तरह से बेहतर बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको काम के लिए वाहवाही मिलेगी। आर्थिक स्थिति में प्रगति होगी।

**धनु:** आज कुछ कामों में आपको अधिक समय लग सकता है, लेकिन काम में सफलता जरूर मिलेगी। किसी की राय आपके लिये कारगर साबित हो सकती है। दूसरों के सामने अपनी बात रखने की पूरी कोशिश करेंगे।

**मकर:** नौकरी कर रहे लोगों को आज नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। आगे चलकर ये प्रोजेक्ट आपको फायदा दिलायेगा। इस राशि के विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिये बेहद लाभदायक रहेगा। आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। आपके आत्मविश्वास में भी बढ़ोतरी होगी। आपको तरक्की के कुछ नये साधन मिलेंगे। आपको बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**मीन :** आज आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात हो सकती है। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। बचपन के किसी दोस्त से सम्पर्क हो सकता सकता है।

## शब्द सामर्थ्य -113

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 112 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## सू- दोकू क्र.113

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.112 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## सिकल सेल एनिमिया मिशन का हुआ शुभारंभ



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के दिशा निर्देशन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में आज किरोड़ीमल शास. जिला चिकित्सालय, रायगढ़ में नगर निगम महापौर श्रीमती जानकी काटजू द्वारा सिकल सेल स्क्रीनिंग किये गये व्यक्तियों को जेनेटिक कार्ड का वितरण किया गया। जिसमें सिविल सर्जन-डॉ. आर.एन. मण्डावी, डॉ. ए.के कुशवाहा, शल्यक्रिया विशेषज्ञ, डॉ. दिनेश पटेल, अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. पूजा अग्रवाल, चिकित्सा अधिकारी, डॉ. तन्वी तिग्गा, चिकित्सा चिकित्सा अधिकारी, डॉ. देवेन्द्र सिंह गुर्जर, जिला प्रबंधक-अस्पताल उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम के द्वारा जन मानस में सिकल सेल के प्रति जागरूक कर इस कार्ड के माध्यम से सिकल सेल स्क्रीनिंग किये गये व्यक्ति अपना इलाज नि:शुल्क करवा सकते है।

# रायपुर में आयोजित प्रधानमंत्री की सभा में शामिल होंगे जिले से हजारों भाजपा कार्यकर्ता

## जिले के संगठन प्रभारी अभिषेक सिंह ने ली जिले के कार्यकर्ताओं की कामकाजी बैठक






**जनकर्म न्यूज**

**रायगढ़।** देश के प्रधानमंत्री इसी महीने के 7 तारीख को राजधानी रायपुर आ रहें हैं। वे यहां साइंस कालेज मैदान में विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे।अपने देश के प्रधानमंत्री जो स्वयं को देश का प्रधान सेवक मानकर देश की सेवा में अग्रसर है उनके आमसभा में शामिल होने जिले से हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता रायपुर जाएंगे।इसी विषय पर बैठक लेने जिला भाजपा के संगठन प्रभारी अभिषेक सिंह आज भाजपा कार्यालय पहुंचें।सर्वप्रथम जिले की कोर कमेटी की बैठक संपन्न हुई जिसमे जिले के 23 मंडलों से कार्यकर्ताओं को रायपुर ले जाने के लिए विस्तार से चर्चा की गई एवं कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।इसके बाद चारों विधानसभा के समन्वय समिति के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई जिसमे उपस्थित कार्यकर्ताओं से आगामी 7 तारीख को मोदी जी की सभा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा की ये हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का सौभाग्य है जिनको मोदी जी का स्वागत करने एवं उनको सुनने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है।आज मोदी जिनके कारण राजनैतिक क्षेत्र में कार्य करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं का मस्तक गर्व से ऊंचा हुआ है,मोदी जी की कार्यकुशलता से आम जनता का विश्वास हमारे प्रति प्रगाढ़ हुआ है।देश में कई वर्षों तक राज करने वाली कांग्रेस की भ्रष्ट नीतियों से राजनैतिक क्षेत्र में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की छवि धूमिल हो गई थी,जनता के बीच राजनैतिक कार्यकर्ताओं का सम्मान कम हो चला था परंतु मोदी जी की सुचिता पूर्ण राजनीति ने इस मिथक को भी तोड़ दिया।आज जनता के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ा है।हम सभी ऐसे प्रधान सेवक का स्वागत करेंगे जिन्होंने गरीबी के दर्द को आत्मीयता से समझा,सांसारिक जीवन को त्याग कर अपना सर्वस्व राष्ट्र हित में लगा रहे है,जिनके जीवन का पचास साल सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते हुए बिता हो ऐसे उदार प्रधानमंत्री का सत्कार हम घराती बनकर करेंगे।जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं से विनम्रता पूर्वक आग्रह करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा की आगामी 7 तारीख को जो भी लक्ष्य हम सभी को मिले उसे पूरी श्रद्धा के साथ पूर्ण किया जाए।बैठक को जिला भाजपा के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने भी संबोधित किया उन्होंने पूरे 23 मंडलों से आए भाजपा कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया साथ ही उन्होंने प्रदेश नेतृत्व को आश्वस्त किया की पूर्व में हुए अन्य कार्यक्रमों को जिले के कार्यकर्ताओं ने सफल किया है इस कार्यक्रम को भी उसी सफलता के साथ पूर्ण किया जाएगा उन्होंने बैठक में ही घोसणा की मोदी जी के कार्यक्रम को सफल बनाने जिले से हजारों की संख्या में राजधानी जाएंगे जिले के हर कार्यकर्ता इस पुनीत यज्ञ में शामिल होकर स्वयं को धन्य करेगा। जिले के महामंत्री सतीश चंद्र बेहरा ने मंच संचालन किया साथ ही जिले के महामंत्री अरुणधर दीवान ने सभी मंडलों की भौतिक समीक्षा करके सभी को सभी का लक्ष्य समझाया। बैठक के अंत में जिला भाजपा के उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश पांडे ने आभार व्यक्त करते हुए बैठक की समापन की घोसना की। आज की बैठक में सत्यानंद राठिया, कमल गर्ग, शकील अहमद, कौशलेश मिश्रा, विपिन उपवेजा, प्रफुल्ल तिवारी, दिनेश गभेल, सुनील रामदास, बजरंग अग्रवाल, चंद्रप्रकाश पांडे, रथू गुप्ता, जय प्रकाश पटेल, महेश साहू, अरुण कातो, सुनील रामदास, बजरंग अग्रवाल, शकील अहमद, अनुपम पाल, संतोष राठिया, सहौद्रा संतोष राठिया, सुषमा खलखो , गोपिका गुप्ता, पवन अग्रवाल, मंजुल दीक्षित, टीकाराम पटेल, मनोरंजन साव, स्वप्निल स्वर्णकार, ताराचंद राठिया, अमरदीप सिंह जटाल, डिग्रीलाल साहू, रंजू संजय, मनोज प्रधान, लोचन पटेल, सुक्लाल चौहान, विनायक पटनायक, जतिन साव, रामश्याम डनसेना, बंशी चौधरी, विनय शर्मा, शशिकांत शर्मा, आनंद भगत, दुर्गेश राठिया, महेश भोई, जागेश सिदार, प्रवीन द्विवेदी, छोटू खान उपस्थित रहे। उक्त प्रेस विज्ञप्ति जिला प्रवक्ता मनीष शर्मा ने जारी करी है।

## संस्कार स्कूल में लगा हेल्थ कैंप






### डॉक्टर्स डे के अवसर पर बच्चों को लाभ

**रायगढ़।** जिले प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल में 1 जुलाई डाक्टर्स डे के अवसर पर कक्षा नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के बच्चों के लिए मेडिकल कैंप लगाया गया। संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि कक्षा नर्सरी से कक्षा 2रीं तक के लिए छात्र-छात्राओं हेतु महिला दन्त चिकित्सक स्नेहा चेतवानी एवं जया पटेल ने दांतों का परीक्षण कर बच्चों को दांत की सुरक्षा, ब्रश करने की प्रक्रिया, रख-रखाव आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं दूसरी ओर कक्षा 3री से 5वीं तक के बच्चों के लिए बालाजी पैथोलॉजी की तरफ से ब्लड ग्रुप टेस्ट की व्यवस्था रख गई थी जिसमें बच्चों का परीक्षण कर उनका ब्लड ग्रुप बताया गया। ताकि विकट स्थिति में बल्ड ग्रुप की जानकारी का लाभ बच्चों एवं परिवार को मिल सके। संस्था की प्राचार्या रश्मि शर्मा ने बताया कि मेडिकल हेल्थ कैंप के माध्यम से डाक्टर्स डे के अवसर पर सभी डाक्टर्स का सम्मान ज्ञापित किया गया। साथ ही बच्चों में जागरूकता भी आई। कार्यक्रम के अंत में प्रतीक चिन्ह देकर डाक्टर्स का सम्मान किया गया।

## 6 जुलाई को सभी तहसील कार्यालय में लगेंगे राजस्व शिविर

### पूरा राजस्व अमला रहेगा मौजूद, कलेक्टर श्री सिन्हा ने दिए निर्देश

**जनकर्म न्यूज**

**रायगढ़।** राजस्व मामलों के निराकरण के लिए कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर आगामी 6 जुलाई दिन गुरुवार को सभी तहसील कार्यालयों में प्रातः 10.30 बजे से राजस्व शिविर लगाए जाएंगे। जहां एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आरआई व पटवारी सहित पूरा राजस्व अमला मौजूद होगा। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने शिविर की तैयारी के निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र के सभी गांवों में शिविर आयोजन के संबंध में सूचना दी जाए।

कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि राजस्व मामलों का त्वरित निराकरण किया जाए। शिविर के माध्यम से आमजनों को एक ही स्थान में राजस्व से जुड़ी सभी प्रकार की सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।कलेक्टर श्री सिन्हा के मार्गदर्शन में बीते महीनों में भी सभी तहसीलों में राजस्व शिविर लगाए गए थे। जहां एक ही दिन में हजारों की संख्या में राजस्व मामलों का मौके पर निराकरण किया गया था। ऐसा ही शिविर अब फिर से 6 जुलाई दिन गुरुवार को प्रातः 10.30 बजे से सभी तहसील कार्यालयों में लगेगा। जहां पूरे राजस्व अमले की मौजूदगी से राजस्व के प्रकरणों का त्वरित निराकरण हो सकेगा। राजस्व शिविर में नक्शा बटांकन, फौती नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख सुधार, किसान किताब, सीमांकन, आय, निवास, जाति प्रमाण-पत्र, जन्म मृत्यु प्रमाण-पत्र, नक्शा-खसरा, बी-1, डिजिटल सिग्नेचर व अन्य राजस्व मामलों का मौके पर निराकरण किया जाएगा।




# कृषि विभाग में विदाई का सम्मान समारोह संपन्न

### कर्मचारी नेता को अनोखे अंदाज में दी गई विदाई




**जनकर्म न्यूज**

**रायगढ़।** कार्यालय उप संचालक कृषि के सभाकक्ष में दिनांक 30.06.2023 का दिन ऐतिहासिक रहा इस दिन कार्यालय अनुविभागीय कृषि अधिकारी मे पदस्थ श्री के पी नायक वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड रायगढ़ में पदस्थ श्री शेख कलीमुल्लाह कृषि विकास अधिकारी श्री विनय मोहन ठेठवार ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को अपनी अधि वार्षिकी पूर्ण किए जाने पर कृषि परिवार रायगढ़ द्वारा विदाई सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गई. समारोह में अजय कुमार जयसवाल सहायक संचालक कृषि हरीश कुमार राठौर अनुविभागीय कृषि अधिकारी दिव्या गौतम सहायक संचालक कृषि दुबराज राठिया अभिषेक पटेल ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर कृषि परिवार का उत्साह बढ़ाया . तीनों अधिकारियों को कृषि परिवार द्वारा शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया .सभी के सेवानिवृत्ति आदेश के साथ ही उनके निजी स्वत्व जीपीएस फाइनल समर्पित अवकाश जीआईएफ एवं एफ बी एफ राशि के भुगतान के आदेश प्रदाय किए गए .उपस्थित जन समुदाय द्वारा इसकी भूरी भूरी प्रशंसा की गई .कार्यक्रम के अंत में श्री शेख कलीमुल्लाह कृषि विकास अधिकारी को उनके कार्य अवधि में कर्मचारी हित में किए गए कार्यों को नमन करते हुए सम्मान पत्र दिया गया तथा कर्मचारियों के हक में हमेशा धरना प्रदर्शन करने वाले जुझारू नेता को उन्हीं के स्टाइल में इंकलाब जिंदाबाद कर्मचारी नेता कैसा हो शेख कलीमुल्लाह जैसा हो शेख कलीमुल्लाह जिंदाबाद जिंदाबाद के नारे लगाते हुए रैली निकालकर सम्मान प्रदर्शित करते हुए बिदाई दी गई. कार्यक्रम के अंत में श्री अभिषेक पटेल द्वारा आभार व्यक्त करते हुए समापन किया गया. कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ माधुरी त्रिपाठी द्वारा किया गया.

## संविदा कर्मचारी कल से जाएंगे 7 दिवसीय हड़ताल पर

**जनकर्म न्यूज**

**रायगढ़।** जिले के 54 विभागों में पदस्थ संविदा कर्मचारियों ने नियमितिकरण की मांग को लेकर सोमवार से हड़ताल पर रहेंगे। सभी विभागों के संविदा कर्मचारी 3 से 9 जुलाई तक जिला स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा।

राज्य शासन ने नियमितिकरण नहीं किया तो 10 जुलाई से प्रदेश स्तर पर आंदोलन की तैयारी है। स्वास्थ्य विभाग के नियमित कर्मचारी भी 24 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। जिससे स्वास्थ्य विभाग का काम पूरी तरह से ठप हो सकती है।संविदा कर्मचारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा अपने जन घोषणा पत्र में सरकार बनते ही 10 दिवस के भीतर छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारी को नियमित करने का वादा किया गया था। परंतु साढ़े 4 साल बीत जाने के बाद भी केवल कमेटी गठित करके सरकार द्वारा नियमितीकरण के काम को अनदेखा किया जा रहा है। जिस को ध्यान रखते हुए संविदा कर्मचारियों में व्यापक आक्रोश है।जिसको लेकर के हड़ताल के लिए 3 जुलाई से रायगढ़ जिले के समस्त संविदा कर्मचारी अपने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को इस संबंध में विधिवत सूचना देकर 3 जुलाई से जिला स्तर पर 1 सप्ताह का अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। यदि मांग पूरी नहीं होती है। उस स्थिति में प्रांत स्तर में अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए बाध्य होंगे।

## नहीं रहे संगम क्लाथ के संचालक मनोहर उदासी, सिंधी समाज में शोक की लहर

### चेंबर ऑफ कॉमर्स ने जताया दुःख



**रायगढ़।** शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी संगम क्लॉथ स्टोर के संचालक मिलनसार मनोहर उदासी का शनिवार की देर शाम आकस्मिक निधन हो गया है, स्वर्गीय मनोहर उदासी की अंतिम यात्रा 2 जुलाई श्याम 4 बजे बोईरदादर पंचवटी कॉलोनी से पंजरी प्लांट मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी, प्रतिष्ठित कारोबारी मनोहर उदासी के निधन से सिंधी समाज में शोक की लहर है, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स की जिला इकाई ने मनोहर उदासी के आकस्मिक निधन पर दुख व्यक्त करते हुए ईश्वर से कामना की है कि शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल मिले।












# जनकर्म मध्य

जनकर्म (4) | रायगढ़, सोमवार 03 जुलाई 2023


# 7 जुलाई को सभी शासकीय कार्यालय में ताला बंद

## प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारी रहेंगे एक मंच पर

### प्रदेश के सभी कर्मचारी अधिकारी 1 दिन के सामूहिक अवकाश पर रहेंगे

जनकर्म न्यूज

**घरघोड़ा** छत्तीसगढ़ के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर 7 जुलाई को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहेंगे वर्षों से लंबित मांग एवं महंगाई भत्ता वेतन विसंगति गृह भाड़ा भत्ता, एवं निम्नलिखित मांगो के समर्थन में प्रदेश के सभी अधिकारी कर्मचारी एक बैनर तले एकत्र हुए हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष एवं फेडरेशन के संयोजक संतोष पाण्डेय ने बताया कि हमारी मांगे।





1, छठवें वेतनमान के आधार पर देय गृह भाड़ा भत्ता को सातवें वेतनमान के आधार पर केंद्रीय दर पर पुनरीक्षित किया जाए। 2, प्रदेश के कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर गठित पिंगुआ कमिटी एवं सामान्य प्रशासन के सचिव की अध्यक्षता में वेतन विसंगति हेतु गठित समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए। 3, राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता स्वीकृत किया जाए। 4, कांग्रेस पार्टी के जन घोषणा पत्र के क्रियान्वयन हेतु राज्य के समस्त कर्मचारियों को चार स्तरीय वेतनमान क्रमशः 8, 16, 24, एवं 30 वर्ष की सेवा अवधी उपरांत किया जावे एवं अनियमित संविदा एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को नियमित किया जाए 5, पुरानी पेंशन का लाभ दिलाने हेतु प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना की जाए एवं पूर्ण पेंशन का लाभ अर्हता दाई सेवा 33 वर्ष के स्थान पर 25 वर्ष किया जाए। उपरोक्त मांगो के समर्थन में प्रदेश के समस्त कर्मचारी अधिकारी 7 जुलाई को अवकाश पर रहेंगे मंत्रालय के कर्मचारी भी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे उसके पश्चात भी अगर शासन कर्मचारियों के जायज मांगों को पूर्ण नहीं करती है तो 1 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रस्तावित है। घरघोड़ा तहसील के समस्त कर्मचारी 7 जुलाई करो प्रातः 10:00 कर्मचारी भवन में एकत्र होंगे उसके पश्चात तहसील प्रांगण में अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय के माध्यम से ज्ञापन सौंपेंगे आंदोलन को सफल बनाने के लिए केशव पटेल, एस के कर्ण, राजेश मिश्रा, बलराम भगत, डॉ पैंकरा,संतोष पांडे कुबेर देवांगन, आशीष शर्मा, सुशील पटेल, राजन देव महंत, लिंगराज बेहरा, अश्वनी दर्शन, सुनील पटेल, वीर सिंह देवांगन, कमलेश गुप्ता, नसरुद्दीन कादरी, रोहित डनसेना, विनोद मेहर, अनिल चेलक, प्रियंक दुबे, भागीरथी प्रधान, सीमा खान, सीमा महंत, अनिल शर्मा, सुरेंद्र होता, अखिलेश मिश्रा, रामकुमार पटेल, हरिश्चंद्र बेहरा, विजय पंडा व्याख्याता, सुरेंद्र भाटिया, मनीष नंदे, ऋषिकेश, सूरज पैकरा, राम लखन सिंह, संतोष सिंह, शिवचरण पटेल, मोहन चौहान, नंदकलेश्वर साय, अरुण पटेल, प्रमोद वर्मा, मनोज पंडा, सुंदर मणि कोंध, मनोज प्रधान, सुमन मिंज, सर्वेश मरावी, मौसम चौहान, बाबूलाल, सहनी सीदार, संतराम साहू, सुदर्शन चौधरी, संतोष पैंकरा आदि शामिल थे।

# चर्चा में आजकल

● भोजराम पटेल, रायगढ़



### ट्रेनों की लेटलतीफी और मुसाफिरों की आफत

रेलवे लाइन सुधार और चौथे लाइन विस्तार के नाम पर आए दिन लोकल ट्रेनों से लेकर बड़े-बड़े सुपरफास्ट और एक्सप्रेस गाड़ियां जिस प्रकार से 4 -5 घंटे और कई ट्रेन तो 6 से 8 घंटे तक की देरी से अपने गंतव्य तक पहुंच रहे हैं और इस परिस्थिति में यात्रियों को होने वाली तकलीफों के बारे में रेलवे विभाग और हमारे केंद्र सरकार को कोई चिंता नहीं है दोनो सुस्त पड़ है माना कि भविष्य में ट्रेनों की आवाजाही के लिए किसी प्रकार तकलीफ ना हो इसी के मद्देनजर चौथी रेल लाइन विस्तार तथा रेलवे लाइनों में सुधार का कार्य चल रहा है परंतु जिस प्रकार से कोरोना काल के पश्चात रायगढ़ रेलवे स्टेशन में मुसाफिरों को ट्रेन की प्रतीक्षा करते हुए देखा जा रहा है इससे मन व्यथित हो जाता है । हमने पिछले दिनों देखा ट्रेनों की लेट लतीफी के कारण कई युवा अपने प्रतियोगी .परीक्षा से भी वंचित हो गए तो कई अपने अगले ट्रेन और अन्य परिवहन से चुके आखिर इसके लिए कौन जिम्मेदार है ?

### चुनावी मोड में आ गए सभी राजनीतिक दल ..

विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही सभी राजनीतिक दल चुनावी मोड में आ गए हैं चाहे वह छत्तीसगढ़ में सत्तारूढ़ कांग्रेस हो या केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा हो या दिल्ली और पंजाब में अपने पांव जमा चुकी आम आदमी पार्टी हो सभी मतदाताओं को रिझाने के लिए किसी न किसी रूप में अपना अपना कार्यक्रम चला रहे हैं कोई समान नागरिक संहिता को लेकर घर-घर दस्तक दे रहा है सभा नुक्कड किये जा रहे तो कहीं मेरा बूथ सबसे मजबूत के नाम पर कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं कहीं शासन और प्रशासन आपके द्वार के नाम से आयोजन हो रहे हैं तो चुनावी वर्ष में सभी राजनीतिक दल किसी ने किसी प्रकार से मतदाताओं को रिझाने में अपनी ताकत झोंक रहे हैं कार्यकर्ताओं में उर्जा भर रहे हैं और सत्ता सिंहासन को अपने कब्जे में लेने के लिए एड़ी चोटी एक कर रहे हैं और जनता इस राजनीतिक परिदृश्य का खामोशी से नजारा देख रही है।

### रायगढ़ के निगम आयुक्त की सजगता को सलाम

रायगढ़ नगर निगम में पदस्थ हुए आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी अपनी एक्शन मोड से पूरे नगर में चर्चित हो गए हैं कभी मोटर साइकिल में ही तो कभी पैदल चलकर ही अलग-अलग वार्डों में पहुंचकर कार्यों का अवलोकन कर रहे हैं सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं तो जिम्मेदार नगर पालिक निगम के अधिकारी और कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश देकर उन्हें नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में अपना कर्तव्य निर्वहन का आदेश भी दे रहे हैं । निगम आयुक्त चंद्रवंशी जी की सक्रियता का परिणाम है कि नगर पालिक निगम रायगढ़ के कर्मचारियों में चुस्ती आ गई है और बरसात में गली नालियों की सफाई के साथ बारिश से आने वाली आफत का सामना करने के लिए खुद को मुस्तैद करने में जुटे हुए हैं । पिछले दिनों निगम आयुक्त द्वारा वार्ड नंबर 15,16, 19, 39 का सघन भ्रमण कर यहां चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया और उनके द्वारा आवश्यक निर्देश देकर रायगढ़ नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने की संकल्पना को हकीकत में बदलने के प्रयास में अपनी भूमिका निभाई धन्यवाद.. साधुवाद... आयुक्त महोदय की सजगता को सलाम....

### प्रदेश में अव्वल निगम की धनवंतरी मेडिकल स्टोर

रायगढ़ को पूरे प्रदेश में धनवंतरी मेडिकल दुकान में सर्वाधिक दवा बेचने का सम्मान प्राप्त हुआ है । 70त्न छूट के साथ असरकारी जेनेरिक दवाइयों के लोगों को मिलने से उनमें भारी संतोष और राहत का भाव भी देखा जा रहा है जनसंख्या के अनुपात में अन्य नगरों की तुलना में रायगढ़ शहर में सबसे अधिक दवा बेचने का रिकॉर्ड बनाया गया है । 70त्न छूट के बाद 2.21 करोड़ की दवाई बेचने का रिकॉर्ड है जो वास्तव में 7.30 करोड़ रूपए मूल्य का है। निगम के धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स में पिछले दिनों में वितरित किए गए जिला अस्पताल स्थित धन्वंतरी मेडिकल में 1 माह में ही लगभग दस लाख रू. की दवाई बेचने की जानकारी है जो बेहद सराहनीय है । छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल सरकार की पहल पर नागरिकों को सस्ते दाम पर दवा उपलब्ध कराने की दिशा में चलाया गया अभियान आम लोगों के लिए बहुत ही राहत प्रदान करने वाला है रायगढ़ को प्रदेश में प्रथम स्थान आने के लिए धनवंतरी मेडिकल स्टोर संचालकों को हार्दिक बधाई ।

### रीपा के बाद अब इपा -औद्योगिक पार्क बनाने की दिशा में सार्थक पहल

पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा ऑनलाइन के माध्यम से रायगढ़ में अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क का उद्घाटन किया गया 3 एकड़ की भूमि पर दो करोड़ की लागत से रायगढ़ से जुड़े अमलीभौना में अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना की योजना है । जिसमें शहरी स्तर पर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने औद्योगिक आत्मनिर्भरता और शहर के लघु उद्यमियों को मार्गदर्शन देने जैसे अनेक कार्यक्रमों का संचालन अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क में संभव हो पाएगा ।इससे पहले रीवा अर्थात रूरल इंडस्ट्रियल पार्क को छत्तीसगढ़ सरकार व्यवहारिक रूप में एक बेहतर कार योजना बनाकर संचालित कर चुकी है इसके बेहतर परिणाम भी मिली है जिला पंचायत के माध्यम से रायगढ़ जिले में रिपा कार्यक्रम की सफलता को पिछले गणतंत्र दिवस के अवसर पर इमका माडल प्रदर्शनी के रूप में दिखाया भी गया और उसे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था ग्रामीण औद्योगिक पार्क के बाद अब शहरी औद्योगिक पार्क की स्थापना अगर सफल होता है तो इसके बेहतर परिणाम मिलेंगे इसमें किसी प्रकार का संदेह नहीं है ।

### और अंत में....

### 4 महीने के लिए उप मुख्यमंत्री के रूप में बाबा की ताजपोशी के मायने ?

चुनावी वर्ष में कार्यकाल के अंतिम दिनों प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्वास्थ्य मंत्री और पूर्व में मुख्यमंत्री के दावेदार रहे अंबिकापुर क्षेत्र के दमदार नेता टी एस सिंह देव जी को अंततः उप मुख्यमंत्री के रूप में कांग्रेस आलाकमान ने नियुक्ति का फरमान जारी किया और इस विषय पर विपक्ष ने चुटकी भी ली कि राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री का यह विशेषाधिकार है कि वह अपने मंत्रिमंडल का विस्तार हेरफेर मनोनयन करें । परंतु कांग्रेस आलाकमान द्वारा उप मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्ति पत्र जारी करना और सोशल मीडिया में आना प्रबुद्ध वर्ग को असहज तो महसूस हुआ । खैर यह राजनीतिक दलों का आंतरिक मामला है फिलहाल उप मुख्यमंत्री के रूप में टी एस बाबा की नियुक्ति से उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल है । देखना है इस नियुक्ति के क्या बेहतर परिणाम भविष्य में मिलते हैं ?

# धैर्य को चिरायु योजना से गंभीर जन्मजात बीमारी से मुक्ति

जनकर्म न्यूज

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** चिरायु योजना अनेक बीमारियों से पीड़ित बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी के निर्देशन में जिले के चिरायु टीम द्वारा शास. स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में गहन चिकित्सकीय परीक्षण कर विभिन्न बीमारी से ग्रस्त बच्चों का सफल एवं निःशुल्क इलाज़ किया जा रहा है। सारंगढ़ के वार्ड क्र. 5 के आंगनबाड़ी केंद्र (2) में चिरायु टीम को एक गंभीर जन्मजात बीमारी ब्लैडर एक्सट्रॉफी ब्लैडर एक्सट्रॉफी एपीसपेडियास कॉम्प्लेक्स से पीड़ित बालक धैर्य मेहर पिता संजय मेहर मिला। यह एक गंभीर जन्मजात विकृति है जिसमें पेट की निचली दीवार व मूत्राशय ठीक से विकसित नहीं हो पाते हैं, जिसमें मां के गर्भ में ही यह जन्मजात दोष बच्चे में हो जाता है, जिसका कोई स्पेसिफिक कारण नही है। अगर समय रहते इसका इलाज न किया जाए तो संबंधित अंग के खुलेपन के कारण इंफेक्शन व अंततः घाव तथा मूत्र की थैली का प्रस्फुटन हो सकता है। साथ ही हाईरिस्क यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन का चांस हो सकता है। अतः इस विकृति के कारण मूत्राशय की दीवार नाभि के क्षेत्र के ठीक नीचे बाहरी ओर देखी जाती है, जिसमें मूत्र त्याग की सामान्य प्रक्रिया देखने को नही मिलती है। इस गम्भीर जन्मजात दोष का प्रभाव 1:10000 प्रति 50000 लाइव बर्थ में हो सकता है, जिसमें 3:1 का प्रभाव बालक-बालिका के लिए होता है। चिरायु टीम द्वारा तुरंत इस गंभीर समस्या को देखते हुये नन्हे धैर्य को चिरायु से उच्च संस्थान रायपुर में उचित जांच एवं इलाज़ हेतु रेफर किया गया तथा रायपुर के डीकेएस




अस्पताल में डॉ नितिन शर्मा के नेतृत्व में भर्ती करने की प्रकिया की गई। विभिन्न एवं आवश्यक जांच पश्चात धैर्य के इस गंभीर बीमारी का 22 जून 23 को प्रथम स्तर का सफल ऑपरेशन किया गया है। साथ ही जरूरत पड़ने पर आवश्यकतानुसार अगला सर्जिकल प्रोसिजर किया जाएगा। इस ऑपरेशन के बाद नन्हें धैर्य की तबियत में सुधार है। आवश्यक जांच हेतु सैम्पल बाहर भेजा गया है तथा उसकी तबियत की जान कारी चिरायु टीम द्वारा ली जा रही है। इस सफल इलाज के लिए मुख्य चिकित्सा व स्वा. अधि. डॉ एफआर निराला डी पीएम नंदलाला ईजारदार, बीएमओ डॉ आरएल सिदार, चिरायु नोडल डॉ प्रभुदयाल खरे, चिरायु टीम के डॉ बद्री विशाल पंकज, डॉ बबीता पटेल, डॉ गौरी जायसवाल, डॉ प्रभा सारथी, डॉ नम्रता मिंज, फार्मासिस्ट हिंगलेश्वरी कुर्रे, योगेश्वर चन्द्रम, एएनएम मोंगरा कंवर, ललिता उरांव व अनिल, दुबे नर्स का विशेष सहयोग रहा।

# जिला प्रशासन की फ्री कोचिंग सारबिला अकादमी अब भटगांव, बरमकेला में भी

जनकर्म न्यूज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ सिद्दकी के निर्देशन में संचालित फ्री कोचिंग सार बिला कैरियर अकादमी का संचालन का विस्तार जिले में बढ़ रहा है। अब बरमकेला के शा. क. शाला परिसर और भटगांव के सांस्कृतिक भवन पुराना बस स्टैंड मे 3 जुलाई 23 से कोचिंग प्रारंभ किया जा रहा है।

सारंगढ़ कोचिंग में बहुत से छात्र-छात्राएं जिले के दूसरे विकासखण्डों से भी आते हैं जिन्हें आवास एवं खानपान से संबंधित परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए व संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय, विधायक सारंगढ़ उत्तरी गनपत जांगड़े एवं कलेक्टर डॉ सिद्दकी की पहल पर युवा बेरोजगारों के मांग पर सारबिला अकादमी सारंगढ़ का ही ब्रांच खोला गया है। इसका लाभ कोई भी युवक-युवतियां ले सकती हैं।

इसमें 10वी से लेकर




कॉलेज आदि उत्तीर्ण के सभी आयु के युवा जो सरकारी भर्तियो के लिए होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओ जैसे पीएससी व्यापाम, एसएससी, रेलवे आदि परीक्षाओ की तैयारी कर रहे हो वो इन कक्षाओका लाभ निःशुल्क ले सकते हैं।

कोचिंग के संबंध में भटगांव में मुख्य नपा अधिकारी सीएमओ नपंचायत भटगांव से और बीईओ बरमकेला के साथ-साथ प्राचार्य शासकीय कन्या शाला बरमकेला से भी सम्पर्क किया जा सकता है। इन ब्रांच में इच्छुक युवा अपना आधार कार्ड और 10 -12वीं उत्तीर्ण अंकसूची की छायाप्रति से नामांकन करवा कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं ।इस हेतुकोचिंग के नोडल फैकल्टी बरमकेला 9399914669, भटगांव 8085453736 में सम्पर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। इसमें एडमिशन पहले आओ पहले पाओ पद्धति से तथा टेस्ट मे आने वाले रैंक के आधार पर होगा। इसके साथ ही रोज सुबह 7 बजे सीधे कक्षाओं मे उपस्थित हो कक्षाओं का लाभ ले सकते है।

उल्लेखनीय है की सारबिला कैरियर अकादमी जिला प्रशासन द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग संस्थान है। यह योजना युवा बेरोजगारों के भविष्य को उज्जवल बनाने की एक अच्छी कोशिश है। मात्र एक माह के अंदर ही इस संस्थान में जिले के अब तक इसमें 650 युवाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवा लिया है और नियमित रूप से 225 युवा इन कक्षाओं के साथ-साथ साप्ताहिक और मासिक टेस्ट का भी लाभ ले रहे हैं।

# कांग्रेसी नेता विनोद भारद्वाज जन्मदिन के उपलक्ष्य पर 3 को करेंगे पत्रकार सम्मान समारोह

जनकर्म न्यूज

**सारंगढ़।** कम समय मे राजनीतिक क्षितिज पर उभरता सितारा विनोद भारद्वाज किसी परिचय के मोहताज़ नही है। अंचल के सबसे सक्रिय जिपं सदस्य सभापति अनिका भारद्वाज के जन कार्यक्रम मे कदम से कदम मिलाकर चलते नेता उनके पति विनोद भारद्वाज वर्तमान शहर अजा कांग्रेस के अध्यक्ष होने के साथ जिला यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भी हैं। इनसे भी बढ़कर इनकी छवि एक समाजसेवी के रूप मे पूरे जिले मे चिन्हांकित है। कहा जाता है कि नेता और पत्रकार नदी के दो किनारे होते हैं, आये दिन छत्तीसगढ़ मे नेताओं द्वारा लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ की अनदेखी या प्रताड़ित करने की घटना मीडिया कि सुर्खियाँ बनते रहती हैं, लेकिन इन सबसे अलग विनोद भारद्वाज की छवि एक ऐसे जनप्रतिनिधि की है जो समाज के पिछड़े और शोषित वर्गों की आवाज उठाने वाले पत्रकारों का हमेशा साथ देते आ रहे हैं। इसका जीता जागता उदाहरण 03 जुलाई को 11 बजे साहू धर्मशाला प्रताप गंज बिलासपुर रोड सारंगढ़ मे अपना जन्मदिन पत्रकारों के साथ मनाएंगे साथ ही उनके नेक कार्यों हेतु सम्मानित भी करेंगे।


## आवश्यकता है

| | | |
|---|---|---|
| 1. मैनेजर/सुपरवाईजर | - | 4 पद |
| 2. मैदा एवं आइसिंग सैफ | - | 6 पद |
| 3. इण्डियन/चायनीज/तन्दूर कुक | - | 6 पद |
| 4. रेस्टोरेन्ट एवं बेकरी हेल्फर | - | 10 पद |
| 5. ड्राईवर/गार्ड | - | 4 पद |

**खाने एवं रहने की व्यवस्था निःशुल्क**

मो.नं.- 94252-77709

88238-92000


### जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान आ सके : सतीश

**सारंगढ़।** अपने जन्म दिवस के अवसर पर अनाथ आश्रम में जरूरत मंद बुजुर्गों के बीच खाद्य सामग्री वितरण समाज सेवी सतीश यादव ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर वृद्धों को खाद्य सामग्री एवं कपड़ों का वितरण किया। इस दौरान सेवा फाउंडेशन अध्यक्ष सतीश यादव ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि दिन दुखियों की सेवा सर्वश्रेष्ठ सेवा है अनाथ आश्रम के जरूरतमंद बुजुर्गों को नमकीन बिस्किट, कपड़े एवं फल आदि वितरण किया गया। असहाय बुजुर्ग जो बहुत ही जरूतमंद है। उत्साह देखने योग्य था उनके चेहरे की खुशी सेवा फाउंडेशन के सदस्यों को कार्य करने की नई ऊर्जा प्रदान करती है। समाजसेवी सतीश यादव सेवा फाउंडेशन के द्वारा समय समय पर इस तरह के कार्यक्रम किए जाते है।


## शिव हॉस्पिटल एण्ड डायग्नोस्टिक सेंटर

**डॉ. शलभ अग्रवाल** सलाहकार चिकित्सक
परामर्श काल : प्रतिदिन प्रातः 11 से 3 बजे एवं सायं - 5 से 9.30 बजे

**डॉ. पूजा अग्रवाल** स्त्री रोग सलाहकार चिकित्सक
परामर्श काल : सायं 5.30 बजे से 8 बजे तक

रेलवे ओवर ब्रीच के पास जूटमिल रोड, रायगढ़
मो. नं. 7354775000, 9406027821, 8109890205, 8989969672

**परामर्श**
- मधुमेह एवं हाई ब्लडप्रेशर
- हृदय रोग
- श्वास रोग
- गुर्दा रोग
- मस्तिष्क एवं स्नायु रोग
- संक्रमक रोग
- समस्त स्त्री रोग
- गुप्त रोग
- वृद्धावस्था के रोग
- वात एवं गठिया रोग
- मानसिक रोग

Dr. Home Visit

**ICU एवं सर्जरी**
रविवार को भी सेवाएं जारी
समस्त प्रकार की सर्जरी
आयुष्मान कार्ड की सुविधा
X-RAY
घर पहुंच सैंपल कलेक्शन सुविधा

**सुविधायें**
- 24 घंटे आपातकालीन एवं सामान्य भर्ती की सुविधा
- वेंटीलेटर की सुविधा
- पैथोलॉजी
- ई.सी.जी.
- स्पाइरोमीटरी
- ट्रामा (चोट) चिकित्सा
- फुल बॉडी चेकअप
- थायरॉइड जांच सुविधा

**शिव शक्ति मेडिकल स्टोर** सभी प्रकार की अंग्रेजी एवं आयुर्वैदिक दवाईयां उपलब्ध
प्रो. सुमित कुमार अग्रवाल मो. 9425506723, 9993040025



## श्यामज्योति इंटीरियर्स

फर्नीचर एंड इलेक्ट्रानिक्स शो-रूम



0% फाईनेंस सुविधा उपलब्ध

ख़रीदते वक्त सिर्फ 1/- रुपये देबे, और घर ले जाये सिम्फनी कूलर आसान किस्तो में

आपके गृहस्थी में निपटाऊ नहीं टिकाऊ

**सोफा गोदाम**
⇨ लग्जरी सोफा के निर्माता
⇨ डिजाईनर, उत्कृष्ट क्वालिटी
⇨ कस्टम डिजाईन में उपलब्ध

**अलमीरा गोदाम**
⇨ स्टील अलमारी के निर्माता
⇨ पाऊडर कोटेड अलमीरा
⇨ कलर की 15 साल की वारंटी
⇨ डिजीटल प्रिंट ग्लॉसी अलमीरा

अंश होटल के सामने, रेमण्ड शो रूम बगल में रायगढ़
मो.नं: 9826910881
डिलरशीप के लिए संपर्क करें



APEX Super Speciality Hospital and IVF Centre

## अब हर परिवार का सपना होगा साकार

## अपेक्स हॉस्पिटल एवं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर

- स्पर्म एवं ECG फ्रीजिंग की सुविधा (Donor Sperm)
- लेप्रोस्कोपी एवं हिस्ट्रोस्कोपी
- सोनोग्राफी की सुविधा (Follicular Study & color Doppler)
- हार्मोन्स की जांच (FHS, LH, E2, HCG, AMH, TSH, Prolactin)
- शुक्राणुओं की WHO की नवीन गाईडलाईन द्वारा जांच
- IUI, IVF, ICSI ब्लास्टोसिस्ट कलचर
- PCOD, Emdometriosis Ovarian Cyst
- बार-बार गर्भपात होना या एक बार बच्चा होकर दोबाना ना होना



अटल चौक, छातामुड़ा बायपास रोड, रायगढ़ (छ.ग.)
फोन :- 07762-233051, 23306, मो. नं. -989300955

# जनकर्म मध्य




# ईश्वर की मानिंद श्रद्धेय हैं हमारे सभी चिकित्सक : पुरुषोत्तम

## संजीवनी नर्सिंग होम ने किया डॉक्टरों व सीए का सम्मान







**जनकर्म न्यूज**

**रायगढ़।** चिकित्सा सेवा जगत के क्षेत्र में अपनी चिकित्सकीय सेवा कार्य से पूरे जिले में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका संजीवनी नर्सिंग होम किसी परिचय का मोहताज नहीं है। वहीं विगत 19 वर्षों से संजीवनी नर्सिंग होम में डॉयरेक्टर व सुप्रसिद्ध समाजसेवी पुरुषोत्तम अग्रवाल के विशेष मार्गदर्शन में हर वर्ष एक जुलाई को डॉक्टर्स डे व सीए डे के पावन अवसर पर चिकित्सकों का सम्मान किया जाता है। इस परंपरा का निर्वहन करते हुए विगत एक जुलाई को संजीवनी नर्सिंग होम और शहर की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ ग्रेटर के सदस्यों ने डॉक्टर्स डे व सीए सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया। वहीं इस कार्यक्रम के अन्तर्गत चिकित्सकों का सम्मान संजीवनी नर्सिंग होम में व सम्मानीय सीए सदस्यों का सम्मान उनके कार्यालय में जाकर किया गया। वहीं यह कार्यक्रम सुबह दस बजे से शाम सात बजे तक चलता रहा। अतुलनीय है चिकित्सकों का योगदान शहर में रोटरी क्लब के संस्थापक व सुप्रसिद्ध समाजसेवी बेहद मृदुभाषी पुरुषोत्तम अग्रवाल ने डॉक्टर्स डे के पावन अवसर पर अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करते हुए कहा कि इस जगत के सभी चिकित्सकों की पवित्र सेवा से ही हर व्यक्ति को जीवन के कठिन क्षण में एक नयी जिंदगी देते हैं। इसलिए इनका योगदान अतुलनीय है साथ ही ईश्वर की मानिंद हम सभी लोगों के लिए सदैव श्रद्धेय के पात्र भी हैं।

### इन चिकित्सकों का किया गया सम्मान

वहीं कार्यक्रम के अंतर्गत डॉक्टर्स डे के पुनीत अवसर पर गणमान्य लोगों की विशेष उपस्थिति में संजीवनी नर्सिंग होम के परिसर में डॉ के एन पटेल, डॉ अनिल तिर्की, डॉ मालती कुमारी, डॉ अमित आशीष तिर्की, डॉ प्रवीण कुमार जांगड़े, डॉ पी के गुप्ता, डॉ जे के नायक, डॉ प्रकाश मिश्रा, डॉ मनोज गोयल, डॉ प्रकाश चेतवानी, डॉ यू एस गुप्ता, डॉ आशुतोष अग्रवाल, डॉ संगीता पांडेय, डॉ शलभ अग्रवाल, डॉ धनंजय कुमार पटेल,डॉ राहुल अग्रवाल, डॉ राघव अग्रवाल, डॉ अजय गुप्ता, डॉ ए एम गुप्ता, डॉ मनजीत सिंह टूटेजा, डॉ गणेश पटेल, डॉ राजू अग्रवाल, डॉ दिनेश पटेल, डॉ दिनेश पटेल आर्थो, डॉ अजीत पटेल, डॉ उपेंद्र पटेल, डॉ शिव नायक, डॉ भरत शुंभ, डॉ आर के अग्रवाल नेत्ररोग विशेषज्ञ, डॉ अरुण केडिया, डॉ आलोक केडिया, डॉ प्रशांत अग्रवाल आर्थो, डॉ प्रशांत अग्रवाल एमडी, डॉ ताराचंद पटेल, डॉ राजकृष्ण शर्मा, डॉ संजीव गोयल, डॉ मनीष बेरीवाल, डॉ मुकुंद अग्रवाल का आत्मीय सम्मान पुष्प गुच्छ और प्रतीक चिन्ह देकर किया गया।

### पांच सीए का किया गया सम्मान

सीए सम्मान समारोह कार्यक्रम के अंतर्गत रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ ग्रेटर की अभिनव पहल से क्लब के नवीन अध्यक्ष बेहद मिलनसार व्यक्तित्व के धनी विकास अग्रवाल पुष्पक के विशेष मार्गदर्शन में क्लब के सभी सदस्यों ने शहर के सम्मानीय सीए विशाल सारस्वत, सीए रवि अग्रवाल, सीए विनोद खजांची, सीए विकास अग्रवाल, सीए संजय सोनी का उनके कार्यालय में जाकर पुष्प गुच्छ व प्रतीक चिन्ह भेंटकर आत्मीय सम्मान किया गया।

### इनका रहा योगदान

डॉक्टर्स डे व सीए डे के भव्य आयोजन को सफल बनाने में संजीवनी नर्सिंग होम के डायरेक्टर व समाजसेवी पुरुषोत्तम अग्रवाल व संजीवनी नर्सिंग होम के सभी स्टॉफ सदस्यगण व रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ ग्रेटर के नवीन अध्यक्ष विकास अग्रवाल, सुबोध खीरवाल, नयन अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, विजय अग्रवाल, दीपक डोरा, नीरज गुप्ता एवं सभी क्लब सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# धर्म के प्रति जागरूक और सतर्क रहे : अविनाश

## भेंटवार्ता



नाम : अविनाश गुप्ता
पिता: श्री जनक राम
माता: श्रीमती अरूणा गुप्ता
शिक्षा-दीक्षा: प्राथमिक स्कूल की पढ़ाई कोडपाली, आदर्श ग्राम्य भारती में हायर सेकेंडरी की पढ़ाई इसके बाद हार्डवेयर नेटवर्क पुसौर से

**जनकर्म**

**रायगढ़।** धर्म एवं संस्कृति पर प्राय: होने वाली बहस में यह भुला दिया जाता है कि भारत की पहचान सदा से धर्म एवं संस्कृति ही रही है। ये दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। जहां धर्म संस्कृति का आधार है, वहीं संस्कृति धर्म की संवाहिका है। दोनों ही अपने-अपने परिप्रेक्ष्य में राष्ट्र के निर्माण एवं राष्ट्रीयता के संरक्षण में सहायक सिद्ध होते हैं। जहां धर्म अपनी स्वाभाविकता के साथ सामाजिक परिवेश का आधार बनता है, वहीं संस्कृति सामाजिक मूल्यों का स्थायी निर्माण करती है। यहीं वजह है कि धर्म के प्रति जागरूक और युवाओ को सतर्क रहने की दरकार है। ऐसा मानना युवा नेता अविनाश का है।आइए जानते है अविनाश के बारे में जनकर्म के विषेश चर्चा में।

---

**व्यवसाय -**
घरेलू परिस्थितियों के चलते खेती किसानी का कार्य किया जा रहा है।

**पारिवारिक स्थिति -**
छोटा परिवार सुखी परिवार है, मेरी माता जी स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत एमटी के पद पर है। परिवार में बड़े पापा 3 बेटी एक बेटा के साथ संयुक्त परिवार है।

**पारिवारिक पृष्ठभूमि -**
खेती किसानी।

**कैसे लोग व क्या पसंद है -**
झूठ बोलने वाले पसंद है। घुमा फिराकर बोलने वाले मुझे नापसंद है।

**जिस कार्य को कर रहे है उसमें क्या खास करने की सोच-**
खेती किसानी के साथ राजनीति में आगे बढ़ने की चाह है।क्योंकि मेरे पिता भी राजनीति में थे जनप्रतिनिधि के तौर पर गाँव के ही पूर्व में उप सरपंच थे। इस वजह से मै राजनीति के क्षेत्र में खुद को स्थापित करना चाहता हूं।

**सामाजिक कार्य मे भूमिका -**
गांव में किसी भी तरह के सामाजिक कार्य के लिए कोई आयोजन प्रयोजन होता है तो उसमें सहभागिता निभाता हूं। हर वर्ग के लिए मदद करने के लिए ततपर रहता हूँ, रक्तदान महा दान के तहत स्वेच्छा से जरूरत मंद के लिए खड़ा रहता हूं।

**यादगार पल -**
पापा के साथ राजनीति क्षेत्र में आना जाना और राजनेताओं के साथ मिलना अच्छा लगता है यही यादगार पल है।

**जीवन मे उतार चढ़ाव -**
परिवार मध्यम वर्ग से ताल्लुक रखता है। पिता जी के स्वास्थ्य खराब होने पर जीवन बदल गया, गरीबी दे मगर उपर वाला किसी को बीमारी मत दे।

**युवा पीढ़ी को संदेश -**
धर्म के प्रति सतर्कता रहे।

**आपके नजर में शहर कैसा है-**
प्रदूषण काफी है। इसे दूर करने के लिए कोई ठोस कदम उठाना चाहिए। पर्यावरण के लिए लोगो को पौध रोपण किया जाना चाहिए। बाकी हमारी रायगढ़ में हर तरह की सुविधाएं है और यह निरंतर प्रगति कर रहा है। यहां के लोग बहुत ही अच्छे हैं।

# समान नागरिक संहिता के लिए समर्थन जुटाने फिल्ड पर उतरे ओपी चौधरी



**जनकर्म न्यूज**

**रायगढ़।** समान नागरिक संहिता के पक्ष में जनसमर्थन जुटाने हेतु यूथ आइकॉन और प्रदेश भाजपा महामंत्री ओ.पी.चौधरी ने भी आज रायगढ़ आकर मोर्चा संभाला और विभिन्न तबके के प्रमुखों के बीच पहुँचकर ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण करवाई।

संविधान की मूल भावना के अनुरूप यूनिफार्म सिविल कोड लागू करवाने की मुहिम के तहत स्थानीय भाजपा नेताओं ने आज संविधान निर्माता, राष्ट्रपुरुष, भारत रत्न बाबा भीमराव आंबेडकर प्रतिमा के समक्ष कार्यक्रम आयोजित करके यह संदेश दिया कि महापुरुषों के भावनाओं के अनुरूप देश बनाने में मोदी जी प्रणप्राण से जुटे हैं। इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें अलग-अलग समाज के प्रतिष्ठित लोग सहित कला, साहित्य, संगीत, शिक्षा, जनसेवा, चित्रकारी, विधि और खेल जगत से जुड़ी हुई प्रमुख हस्तियां एक जगह इकट्ठा हुई और ओ.पी.चौधरी ने उनसे एक साथ समान नागरिक संहिता के पक्ष में लॉ कमीशन को समर्थन भिजवाया।

कार्यक्रम के आरंभ में ओ पी चौधरी ने बाबा साहेब की प्रतिमा में पुष्पाहार अर्पित किया, साथ ही आगंतुक अतिथियों व उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। उपस्थित हस्तियों ने गुलाब भेंटकर ओ पी का स्वागत किया तथा ओ पी ने वरिष्ठजनों से पैर छूकर आशीर्वाद लिया। मुख्य कार्यक्रम में भाजपा नेता मुकेश जैन ने ओ पी के व्यक्तित्व से लोगों को परिचित करवाया और फिर ओ पी चौधरी ने समान नागरिक संहिता के विषय में लोगों के समक्ष मोदी सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह राजनीतिक मामला नहीं है वरन यह सामाजिक विषय है। इससे मुस्लिम माताओं-बहनों को समाज में समान अधिकार मिलेगा जिससे अभी वे वंचित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुसूचित वर्ग के भाई-बहनों को प्राप्त हो रहे किसी भी अधिकार को इससे किसी भी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं पड़ने वाला है। अत: वे विरोधी तत्वों के द्वारा फैलाये जा रहे दुष्प्रचार के बहकावे में न आवें। उन्होंने कहा कि भाजपा की स्पष्ट सोच यह है कि तुष्टिकरण किसी का नहीं और न्याय सबके साथ हो। अंत में ओ.पी. ने उपस्थित गणमान्य लोगों से सामान नागरिक संहिता के पक्ष में ऑनलाइन सहमति भिजवाने की विधि पूर्ण करवाई।

बेचैन कर देने वाली चिलमिलाती गर्मी के बावजूद सभी की उपस्थिति के लिये ओ.पी. व मुकेश जैन दोनों ने सभी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। आज के कार्यक्रम में यू सी सी का समर्थन करने वालों में कॉलेज के रिटायर्ड प्रिंसीपल प्रोफेसर के के तिवारी, प्रसिद्ध संगीतज्ञ ठाकुर मनहरण सिंह, प्रसिद्ध चित्रकार मनोज श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येंद्र सिंह,सिंधी पंचायत के अध्यक्ष गुरुमुख वलेचा, गुरुसिंह सभा के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री आनंद बेरीवाल, गुरुनानक स्कूल के अध्यक्ष व रोटेरियन प्रितपाल टुटेजा, अमरजीत सिंह, पत्रकार दिनेश मिश्रा, नागरिक बैंक की उपाध्यक्ष व जैन संगठना की प्रमुख श्रीमती हेमा शाह, शिक्षिका श्रीमतीसविता येरा, श्रीमती रेणु बेरीवाल, श्रीमती संतोष केडिया, अधिवक्ता संघ के सचिव शरद पांडेय, ग्रंथालय सचिव सुशील पोद्दार , महेंद्र यादव, समाजसेवी अशोक अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, घनश्याम गुप्ता, बैडमिंटन के नेशनल खिलाड़ी सौरभ पंडा, खिलाड़ी गण सर्व हितेश वर्मा, अपूर्व जैन, सार्थक केडिया,प्रथम अग्रवाल, सक्षम अग्रवाल, हर्ष, आदित्य, गौरव गोयल, सुयश अग्रवाल, प्रार्थना अग्रवाल, हेमंत सोनी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# लायंस क्लब सिटी द्वारा डॉक्टरों व सीए का सम्मान



**जनकर्म न्यूज**

**सारंगढ़।** लायंस क्लब सिटी द्वारा 1 जुलाई 2023 को सामु. स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ के हॉल में , आईएमए संगठन के उपस्थित सभी डॉक्टरों को प्रतीक चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया। डॉक्टरों में मुख्य रूप से डॉ. जेएन. शुक्ला, डॉ. आरएल. सिदार, डॉ. डीडी साहू, डॉ.साय, डॉ. अनूप ,डॉ शर्मा, डॉ पटेल, डीपीएम नंदलाल ईजारदार, डॉ राकेश साहू, डॉ, नरेंद्र रात्रे, डॉ. दिव्या जोशी, डॉ. अभ्याचल झा एवं सभी स्वा. कर्मचारी परिवार उपस्थित थे।? इसके साथ ही डॉ. प्रधान दानसरा, डॉ त्रिपाठी, डॉ त्रिपाठी मैडम, डॉ आनंद ,डॉ मनीष केसरवानी का प्रतीक चिन्हों से सम्मानित किया गया। विदित हो कि -इसके साथ ही सी.ए. कैलाश अग्रवाल का भी सम्मान हुआ । कार्यक्रम में लायंस क्लब सारंगढ़ सिटी की ओर से संरक्षक लायन महेंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष लायन अविनाश जायसवाल, सचिव अमित केजरीवाल एवं वरिष्ठ लायन सदस्य लायन् दिनेश धनानिया, लायन दिनेश केड़िया, लायन रामकुमार बानी, जुगल किशोर बानी की उपस्थिति रही। साथ ही साथ विशेष रुप से जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती जांगड़े भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे, डॉ. आनंद का सम्मान किया गया । सम्मान समारोह के दौरान संरक्षक महेंद्र केजरीवाल जी ने कहा कि - हर डॉक्टर्स हमेशा अपनी मरीजों को सबसे पहले रखते हैं और उन्हें स्वास्थ्य का उपहार देने की पूरी कोशिश करते हैं ।प्रत्येक व्यक्ति को भी अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए कम से कम एक घंटा प्रतिदिन अपने लिए देना चाहिए। साथ ही बदलते मौसम में खान पान , रहन सहन व अपनी आदतों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

## कोविड प्रकरण की सहायता राशि स्वीकृत की

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कोविड- 19 के एक प्रकरण के लिए आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की है। मृतक लच्छराम बघेल पिता प्रेम लाल निवासी ग्राम बगलोटा तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ की मृत्यु कोरोना से हुई थी। उनके आश्रित मदन बाई पति लच्छ राम को 50 हजार की आर्थिक अनुदान सहायता राशि का भुगतान कार्यालय तहसीलदार बिलाईगढ़ द्वारा आश्रित के बैंक खाता में ऑनलाइन डीबीटी के माध्यम से दिया जाएगा।

# डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बने डॉ.एसके खूंटे

**जनकर्म न्यूज**

**सारंगढ़।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के छत्तीसगढ़ इन सर्विस डॉक्टर्स एसोसिएशन CIDA द्वारा डॉक्टर्स डे पर गेट टुगेदर आयोजित किया गया और निम्नांकित एजेंडे पर चर्चा किया गया है जिसमें मुख्यतया जिले के डॉक्टर्स की समस्याओं पर चर्चा किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से बिलाईगढ़ ब्लॉक में CRMC का पैसा रुका होने की बात की गई द्य cida द्वारा राज्य शासन को सौंपे गए 15 सूत्रीय राज्य स्तरीय मुद्दे पर चर्चा की गई जिसमें जिले से 19 डॉक्टर्स का सपोर्ट मिलेगा। सारंगढ़ बिलाईगढ़ ज़िले का डिस्ट्रिक्ट बॉडी का गठन सर्वसम्मति से किया गया और इलेक्शन कमिशन के लिए डिस्ट्रिक्ट बॉडी का नॉमिनेशन किया गया द्य ह्लक्क के लिए इच्छुक डॉक्टर की जानकारी चाही गई तथा पेटीशनर बन्ने के लिये भी की जानकारी दी गई तथा अभि मत भी चाही गई। विदित हो कि -4 जुलाई को स्वास्थ्य कर्मचारी संघ और 7 जुलाई को होने वाली कर्म चारी अधिकारी फेडरेशन के स्ट्राइक में ष्टढ्ढष्ठ सारंगढ़ बिलाईगढ़ का सपोर्ट और सहभागिता के लिए तैयार है। DHS से डायरेक्टर सर का मैसेज के अनुरूप PHC/CHC/DH/Heath service के उन्नयन हेतु सुझाव, समस्याएं, समस्याओं का समाधान सभी को देने का आग्रह किया गया द्य जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के नव नियुक्त ष्ठद्बस्त्रड्ड पदाधिकारी की सूची निम्न है अध्यक्ष डॉ एस के खुटें, उपाध्यक्ष डॉ डीडी साहू , उपाध्यक्ष डॉ राजेश प्रधान, सचिव डॉ रामजी शर्मा, सहा. सचिव डॉ कैनन डेनियल,डॉ प्रकाश कुर्रे , डॉ रितेश सेन,डॉ पुष्पेन्द्र वैष्णव, डॉ अवधेश पाणिग्रही के साथ ही साथ अन्य डॉक्टर उपस्थित रहे ।













# विदेशी मुद्रा भंडार 2.9 अरब डॉलर घटकर 593.2 अरब डॉलर पर



**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी होने से 23 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.9 अरब डॉलर घटकर 593.2 अरब डॉलर रह गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 2.4 अरब डॉलर बढ़कर 596.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 23 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.2 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 525.4 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 74.5 करोड़ डॉलर घटकर 44.3अरब डॉलर रह गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 8.5 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.33अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 2.9 करोड़ लाख डॉलर की गिरावट लेकर 5.12 अरब डॉलर रह गई।

# ट्विटर पर डेटा स्क्रैपिंग रोकने के लिए मस्क ने उठाया कदम, लागू की अस्थायी सीमाएं

**नई दिल्ली।** ट्विटर पर किए गए बहुत ज्यादा बैकएंड बदलाव ने लाखों उपयोगकर्ताओं को परेशानी में डाल दिया है। एलन मस्क ने कहा कि उन्होंने इस पर अस्थायी सीमाएं लागू की हैं कि एक दिन में कौन कितने पोस्ट पढ़ेगा। ऐसा डेटा स्क्रैपिंग और सिस्टम हेरफेर को रोकने के लिए किया गया है। मस्क के नए आदेश के अनुसार, सत्यापित खातों को प्रतिदिन 6,000 पोस्ट पढ़ने तक सीमित कर दिया गया है। मस्क ने कहा कि असत्यापित खाते प्रतिदिन 600 पोस्ट और नए असत्यापित खाते प्रतिदिन केवल 300 पोस्ट पढ़ सकेंगे। ट्विटर के मालिक ने कहा, डेटा स्क्रैपिंग और सिस्टम हेरफेर के चरम स्तर को संबोधित करने के लिए, हमने निम्नलिखित अस्थायी सीमाएं लागू की हैं।




उनका स्पष्टीकरण तब आया, जब भारत सहित दुनिया भर में लाखों उपयोगकर्ताओं ने उनकी आलोचना की, क्योंकि माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म को विश्व स्तर पर एक बड़ी खराबी का सामना करना पड़ा, जिससे हजारों उपयोगकर्ता सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक पहुंचने से बच गए। आउटेज मॉनिटर वेबसाइट 'डाउन डिटेक्टर' के अनुसार, 7,000 से अधिक उपयोगकर्ताओं ने ट्विटर के साथ समस्याओं की सूचना दी।

एक ट्विटर यूजर ने पोस्ट किया, कोई एलन को जगाए और उसे बताए कि उसका 44 अरब डॉलर का ऐप काम नहीं कर रहा है! एक अन्य यूजर ने लिखा, मैं यह देखने के लिए ट्विटर पर आ रहा हूं कि यह क्यों कहता है 'रेटलिमिट पार हो गई' #TwitterDown। ट्विटर पर हैशटैग #TwitterDown ¥õÚU #RateLimitE&ceeded ट्रेंड कर रहे थे। इससे पहले शनिवार को, ट्विटर ने बिना अकाउंट वाले लोगों के लिए अपने वेब प्लेटफ़ॉर्म पर ब्राउज़िंग एक्सेस बंद कर दी थी, क्योंकि मस्क ने कहा था कि डेटा स्क्रैपिंग के अत्यधिक स्तर के कारण यह कठोर कार्रवाई जरूरी थी। मस्क ने पोस्ट किया, हमारा डेटा इतना लूटा जा रहा था कि यह सामान्य उपयोगकर्ताओं के लिए अपमानजनक सेवा थी। उन्होंने दावा किया, एआई का काम करने वाली लगभग हर कंपनी, स्टार्टअप से लेकर पृथ्वी के कुछ सबसे बड़े निगमों तक बड़ी मात्रा में डेटा स्क्रैप कर रही थी।

# टमाटर के बाद मसालों के दाम बढ़ने से अब तड़के के लिए मुसीबत!



**लखनऊ।** सब्जियों खासकर टमाटर की बढ़ती कीमतों के बाद अब 'तड़का' मुसीबत में है। मसालों की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि से रसोई का बजट गड़बड़ाने लगा है। सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला जीरा अब रसोई में सबसे महंगी सामग्रियों में से एक बन गया है।इसकी कीमत अप्रैल में 400 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 750 रुपये प्रति किलोग्राम हो चुकी है।

खरबूजे के बीज और लौंग जैसे कई अन्य मसालों की कीमतें भी बढ़ गई हैं। खरबूजे के बीज, जिनकी कीमत फिलहाल 750 रुपये किलो है, तीन महीने पहले 300 रुपये प्रति किलो बिक रही थी । इसी तरह, लौंग की कीमत अप्रैल में 1,000 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर अब 1,200 रुपये हो गई है। व्यापारी इसके लिए कम पैदावार, चक्रवात बिपरजॉय के कारण खराब परिवहन और अब मानसूनी बारिश को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।


हजरतगंज में एक किराने की दुकान के मालिक ने कहा, हम ज्यादा कुछ नहीं कर सकते, क्योंकि हम उन्हें बहुत अधिक कीमत पर खरीद रहे हैं। जीरा और तरबूज के बीज की कीमतें तीन महीने में लगभग दोगुनी हो गई हैं। बुआई के दौरान अधिक वर्षा के कारण मौसम के मिजाज में अचानक बदलाव के कारण प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में किसानों ने सरसों जैसी अन्य फसलों की ओर रुख कर लिया है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक बारिश से हल्दी और मिर्च जैसे अन्य मसालों की कीमतों में उछाल आ सकता है।

# जून में जीएसटी संग्रह 1.61 लाख करोड़ के पार, पिछले साल की तुलना में 12 प्रतिशत का इजाफा

**नई दिल्ली।** जून में एकत्रित सकल जीएसटी राजस्व 2.80 प्रतिशत बढ़कर 1,61,497 करोड़ रुपये हो गया, जबकि मई में यह 1,57,090 करोड़ रुपये था। जून में एकत्रित जीएसटी में से सीजीएसटी 31,013 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 38,292 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 80,292 करोड़ रुपये (वस्तुओं के आयात पर एकत्र 39,035 करोड़ रुपये सहित) और उपकर 11,900 करोड़ रुपये (आयात पर एकत्र 1,028 करोड़ रुपये सहित) था। सरकार ने आईजीएसटी से सीजीएसटी को 36,224 करोड़ रुपये और एसजीएसटी को 30,269 करोड़ रुपये का निपटान किया है। नियमित निपटान के बाद जून में केंद्र और राज्यों का कुल राजस्व सीजीएसटी के लिए 67,237 करोड़ रुपये और एसजीएसटी के लिए 68,561 करोड़ रुपये था। जून का राजस्व पिछले साल के इसी महीने के जीएसटी राजस्व से 12 प्रतिशत अधिक है। जून के दौरान, घरेलू लेनदेन (सेवाओं के आयात सहित) से राजस्व पिछले वर्ष के इसी महीने के दौरान इन स्रोतों से प्राप्त राजस्व से 18 प्रतिशत अधिक है। यह चौथी बार है कि सकल जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।

# ट्विटर का बड़ा एक्शन, नीति उल्लंघन के चलते 11 लाख से अधिक अकाउंट्स भारत में बैन

**नई दिल्ली।** एलन मस्क द्वारा संचालित ट्विटर ने 26 अप्रैल से 25 मई के बीच भारत में रिकॉर्ड 11,32,228 अकाउंट्स को बैन किया है। ज्यादातर अकाउंट्स चाइल्ड सेक्सुअल एक्सप्लाइटेशन और नॉन कंसेंसुअल न्यूडिटी को बढ़ावा देने का काम करते थे। माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट ने देश में अपने प्लेटफॉर्म पर आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए 1,843 अकाउंट्स को भी हटा दिया है। कुल मिलाकर, ट्विटर ने भारत में समीक्षाधीन अवधि में 11,34,071 अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगा दिया। ट्विटर ने नए आईटी नियम, 2021 के अनुपालन से जुड़ी अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि उन्हें अपने शिकायत निवारण तंत्र के माध्यम से एक ही समय-सीमा में भारत में उपयोगकर्ताओं से 518 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसके अलावा, ट्विटर ने 90 शिकायतों पर कार्रवाई की जो अकाउंट निलंबन के खिलाफ अपील कर रही थीं। भारत से अधिकांश शिकायतें दुर्व्यवहार/उत्पीड़न (264), घृणित आचरण (84), संवेदनशील व्यस्क सामग्री (67) और मानहानि (51) के बारे में थीं। नए आईटी नियम 2021 के तहत 5 मिलियन से अधिक यूजर्स वाले बड़े डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को मासिक अनुपालन रिपोर्ट प्रकाशित करनी होगी। इस बीच, ट्विटर ने हाल ही में भारत और तुर्की सहित वैश्विक स्तर पर कंटेंट को ब्लॉक करने के 83 प्रतिशत सरकारी अनुरोधों को मंजूरी दे दी।




# मारुति सुजुकी की थोक बिक्री जून में बढ़कर 1,59,418 इकाई रही

**मुंबई।** देश की प्रमुख कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की थोक बिक्री जून में सालाना आधार पर दो प्रतिशत बढ़कर 1,59,418 इकाई हो गई है। कंपनी ने जून, 2022 में 1,55,857 इकाई थोक बिक्री की थी।

कंपनी ने कहा कि पिछले महीने यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 1,33,027 इकाई हो गई, जो पिछले साल इसी महीने में 1,22,685 इकाई थी। ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री पिछले साल जून में 14,442 इकाई से मामूली गिरावट के साथ 14,054 इकाई रह गई। इसी तरह स्विफ्ट, सेलेरियो, इग्निस, बलेनो और डिजायर वाले कॉम्पेक्ट खंड में बिक्री जून 2022 के 77,746 इकाई से 17 प्रतिशत गिरावट के साथ 64,471 इकाई रह गई। मध्यम आकार की सेडान सियाज की बिक्री पिछले साल जून के 1,507 इकाई से बढ़कर 1,744 इकाई हो गई।

ब्रेजा, ग्रांट विटारा और अर्टिगा जैसे यूटिलिटी वाहनों की बिक्री जून, 2022 के 18,860 इकाई से बढ़कर जून, 2023 में 43,404 इकाई हो गई। कंपनी ने बताया कि उसका निर्यात घटकर जून में 19,770 इकाई रह गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 23,833 इकाई था।

# नोकिया व एप्पल ने लॉन्ग-टर्म पेटेंट लाइसेंस एग्रीमेंट पर किए हस्ताक्षर




**मुंबई।** नोकिया ने एप्पल के साथ एक नए पेटेंट लाइसेंस समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो 2023 के अंत में समाप्त होने वाले मौजूदा लाइसेंस की जगह लेगा। एप्पल ने 2009 में आईफोन की कॉपी करने के प्रयास के लिए नोकिया पर मुकदमा दायर किया था, क्योंकि नोकिया ने कॉपीराइट उल्लंघन के लिए एप्पल पर मुकदमा दायर किया था। 2011 में मामला सुलझ गया। 2016 में, उन्होंने 2017 में एक समझौते पर पहुंचने से पहले फिर से मुकदमा दायर किया, जहां एप्पल ने नोकिया को 2 बिलियन डॉलर का भुगतान किया। नया लाइसेंस समझौता 5जी और अन्य टेक्नोलॉजी में नोकिया के फंडामेंटल इन्वेंशन को शामिल करता है। नोकिया को मल्टी-ईयर पीरियड के लिए एप्पल से पेमेंट्स प्राप्त होगा।

नोकिया टेक्नोलॉजीज के अध्यक्ष जेनी लुकेंडर ने कहा, हमें एप्पल के साथ ऐमकबल बेसिस पर लॉन्ग-टर्म पेटेंट लाइसेंस एग्रीमेंट करने पर खुशी है। यह एग्रीमेंट नोकिया के पेटेंट पोर्टफोलियो की स्ट्रेंथ, अनुसंधान एवं विकास में दशकों पुराने निवेश और सेलुलर स्टैंडर्ड और अन्य टेक्नोलॉजी में योगदान को दर्शाता है। नोकिया का उद्योग-अग्रणी पेटेंट पोर्टफोलियो 2000 से अनुसंधान एवं विकास में निवेश किए गए 140 बिलियन यूरो से अधिक पर बनाया गया है और यह लगभग 20,000 पेटेंट परिवारों से बना है, जिसमें 5,500 से अधिक पेटेंट परिवार शामिल हैं जिन्हें 5त्र के लिए आवश्यक घोषित किया गया है।

# हर साल में एक नया एचडीएफसी बैंक बनाने का लक्ष्य : प्रबंध निदेशक

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी शशिधर जगदीशन ने कहा कि उनका लक्ष्य हर चार साल में एक नया एचडीएफसी बैंक बनाने का है। मूल कंपनी एचडीएफसी के साथ एचडीएफसी बैंक का विलय हाल में सफलतापूर्वक पूरा हुआ है। जगदीशन ने एचडीएफसी बैंक में शामिल हुए एचडीएफसी के 4,000 से अधिक कर्मचारियों को लिखे पत्र में कहा कि भविष्य उज्ज्वल है और विलय की संभावनाओं को साकार करने का काम अब शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा ?कि वित्तीय और बंधक सेवाओं का कारोबार बहुत तेजी से बढ़ने वाला है। एक संयुक्त इकाई के रूप में एचडीएफसी बैंक एक बड़े और बढ़ते वितरण नेटवर्क और ग्राहक आधार, पर्याप्त से अधिक पूंजी, संपत्ति की स्वस्थ गुणवत्ता और लाभप्रदता और अच्छे मुनाफे के साथ वृद्धि के लिए सबसे अच्छी स्थिति में होगा। जिस गति से हमने बढ़ने का लक्ष्य रखा है, उसके अनुसार हम हर चार साल में एक नया एचडीएफसी बैंक बना सकते हैं। एचडीएफसी बैंक ने विलय के पहले दिन से अपने ब्रांड को फिर से स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की। इसके तहत एचडीएफसी लिमिटेड की सभी 500 से अधिक शाखाओं और कार्यालयों को एचडीएफसी बैंक के रंग में रंगा जा रहा है।

# अनिल अंबानी की बिक रही है रिलायंस कैपिटल

## 40,000 करोड़ रुपये का है कर्ज




**नई दिल्ली।** देश के जाने-माने उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल बिकने जा रही है। यह कंपनी भारी कर्ज में डूबी हुई है। रिलायंस कैपिटल कंपनी के कर्जदाताओं ने हिंदुजा समूह की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लि. की तरफ से पेश समाधान योजना के पक्ष में मतदान किया है।

कंपनी ने बोली के दूसरे दौर में सबसे ज्यादा 9,661 करोड़ रुपये नकद की पेशकश की है। सूत्रों ने कहा कि 99 प्रतिशत मत इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लि. की तरफ से लगाई गई बोली के पक्ष में थे। इसका कारण है कि कर्जदाता 9,661 करोड़ रुपये के नकद भुगतान से कर्ज वसूली की उम्मीद कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि इसके साथ रिलायंस कैपिटल के पास रखी 500 करोड़ रुपये से अधिक नकदी भी कर्जदाताओं को मिलेगी।

रिलायंस कैपिटल के प्रशासक अगले सप्ताह राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण की मुंबई पीठ में आईआईएचएल की समाधान योजना पेश कर सकते हैं। समाधान योजना पेश करने की समयसीमा 15 जुलाई है।आईआईएचएल की समाधान योजना पर नौ जून को शुरू हुआ मतदान गुरुवार को संपन्न हुआ था। कर्जदाताओं की समिति ने पहले दौर में 9,500 करोड़ रुपये की न्यूनतम बोली सीमा निर्धारित की थी। वहीं अप्रैल में हुए नीलामी के दूसरे दौर में यह सीमा 10,000 करोड़ रुपये रखी गई थी। उसके बाद लगने वाली प्रत्येक दौर की बोली में 250-250 करोड़ रुपये की वृद्धि होगी।

उच्चतम न्यायालय की अनुमति के बाद दूसरे दौर की नीलामी 26 अप्रैल को हुई। रिलायंस कैपिटल की समाधान प्रक्रिया पहले दौर की नीलामी के बाद कानूनी विवाद में फंस गयी थी। पहले दौर की नीलामी पूरी होने के बाद हिंदुजा समूह की कंपनी ने बोली जमा की। बोली नीलामी की तारीख खत्म होने के बाद जमा की गयी। इसको टॉरेन्ट इनवेस्टमेंट्स ने उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी क्योंकि वह पहले दौर में सबसे ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी थी।

सूत्रों ने कहा कि हालांकि रिलायंस कैपिटल को लेकर समाधान योजना पर कर्जदाताओं की समिति का कोई भी फैसला टॉरेन्ट इनवेस्टमेंट्स की अपील पर आने वाले उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर निर्भर करेगा। इस तरह कर्जदाता को 10,200 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। हालांकि मूल रूप से सुरक्षित कर्ज 16,000 करोड़ रुपये है यानी कर्जदाताओं के लिये कुल कर्ज में से 65 प्रतिशत की ही वसूली होगी।

# वैश्विक और एफआईआई के रुख से तय होगी बाजार की चाल

## रुपए के प्रदर्शन, कच्चे तेल की कीमत और डीआईआई की लिवाली की भी अहम भूमिका रहेगी

**मुंबई।** बीते सप्ताह 2.8 प्रतिशत की छलांग लगाकर ऊंचाई के नए शिखर पर पहुंचे घरेलू शेयर बाजार की इस सप्ताह चाल निर्धारित करने में वैश्विक घटनाक्रम, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का रुख और वाहन बिक्री आंकड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1739.19 अंक (2.8 प्रतिशत) की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 64718.56 अंक के सर्वकालिक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 523.55 अंक (2.8 प्रतिशत) की तेजी लेकर 19189.05 अंक के नए शिखर पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 798.86 अंक अर्थात 2.9 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 28776.20 अंक स्मॉलकैप 611.96 अंक (9 प्रतिशत) चढ़कर 32602.14 अंक पर रहा। विश्लेषकों के अनुसार चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के उम्मीद से अधिक दो प्रतिशत रहने और बेरोजगारी काम होने से वैश्विक अर्थव्यवस्था के मजबूत होने की उम्मीद बढ़ी है। इसके साथ ही इस सप्ताह रूस यूक्रेन संकट के अलावा अन्य वैश्विक घटनाक्रम पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

इस सप्ताह बाजार को दिशा देने में रुपए के प्रदर्शन, कच्चे तेल की कीमत और एफआईआई एवं घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की लिवाली की भी अहम भूमिका रहेगी। एफआईआई जून में कुल 27,250.01 करोड़ रुपए के लिवाल रहे। इसी तरह डीआईआई का कुल निवेश 4,458.23 करोड़ रुपए रहा। घरेलू स्तर पर अगले सप्ताह जून में वाहनों की हुई बिक्री के आंकड़े आने वाले हैं। साथ ही मई में आठ बुनियादी उद्योग के उत्पादन, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह के जारी हो चुके आंकड़े के साथ ही एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक के विलय की भी इस सप्ताह बाजार को दिशा देने में अहम भूमिका रहेगी। हालांकि इस सप्ताह बाजार में ऊंचे भाव पर मुनाफावसूली होने की भी संभावना है।

खेलेगा बचपन, अब आपके घर आंगन...



डॉ. आर.एल. हॉस्पिटल व टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
→ अनियमित माहवारी, अण्डों का ना बनने अथवा समय पर ना फुटना (PCOD)
→ एक बार संतान होने के बाद दुबारा संतानोत्पत्ती में कठिनाई होना
→ सभी जाँच रिपोर्ट सामान्य होने पर भी संतान का नहीं होना
आई.यू.आई. | आई.वी.एफ. | इक्सी | अंडे एवं भ्रूण दान
गौशाला रोड, पुलिस लाईन, रायगढ़ (छत्तीसगढ़)
फोन: 07762-231400, मो.- 9630001100, 9425501788
DrRLHospital&InfertilityCenter

LG SONY IFB KENT Aquaguard ZERO B Haier BLUE STAR BAJAJ HAVELLS SAMSUNG SANSUI LLOYD GENERAL VOLTAS Symphony SINGER TATA Sky
एसी, फ्रीज, वाशिंग मशीन, ओलेड एलईडी टीवी, प्रोजेक्टर, डीप फ्रीजर, वाटर कूलर, माइक्रोवेव, ओटीजी, वाटर फिल्टर, डिश वाशर, वैकूम क्लीनर, स्टेप्लाईजर, मिक्सी सभी अच्छी कंपनियों के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिकल्स गुड्स के होलसेल प्राइस के लिए सिर्फ एकबार मिलने कि कृपा करें...
0% ब्याज पर उपलब्ध
प्रोसेसिंग फीस फ्री
सभी कम्पनियों के इलेक्ट्रानिक सामान 12 किस्तों में
99/- में बजाज फायनेंस कंपनी द्वारा फायनेंस एवं तुरन्त होम डिलवरी
इलेक्ट्रानिक्स एवं इलेक्ट्रीकल्स की विशाल रेंज
रामदयाल दीनदयाल
सुभाष चौक रायगढ़ छ.ग.
9425250522, 8103680696, 7987492254

# शरद पवार ने बेफिक्र होकर मोदी को धन्यवाद दिया एनसीपी में विभाजन के लिए ईडी को ठहराया दोषी



**पुणे।** अपने भतीजे अजित पवार द्वारा रविवार को पार्टी में विभाजन कराए जाने के बाद शांत नजर आए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया और इसके लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को दोषी ठहराया।

83 वर्षीय पवार ने मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि अभी हाल ही में मोदी ने कांग्रेस-एनसीपी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे।

उन्होंने कहा, आज, उनकी पार्टी ने हाथ मिलाया है और उसी (एनसीपी) पार्टी के कुछ लोगों को (मंत्री के रूप में) शपथ दिलाई है, जिनके खिलाफ मोदी ने उंगली उठाई थी। इसका मतलब है कि मोदी के आरोप बेबुनियाद थे और अब हम सभी आरोपों से मुक्त हैं। मैं इसके लिए उनका आभारी हूं... मैं पूछताछ का सामना कर रहे उन लोगों के लिए खुश हूं जिन्होंने आज शपथ ली है।

एनसीपी सुप्रीमो ने कहा कि उनकी पार्टी के कुछ नेता ईडी जैसी विभिन्न जांच एजेंसियों की जांच को लेकर असहज थे और पीएम के आरोपों के बाद वे बहुत असहज हो गए, जिसके चलते उन्होंने रविवार को यह कदम उठाया।

पवार ने कहा, हालांकि जो लोग गए हैं, उनमें से कई मेरे संपर्क में हैंज् कुछ ने यह भी कहा है कि उनके हस्ताक्षर कैसे लिए गए। उन्होंने यह भी कहा है कि वे अगले दो-तीन दिनों में अपना रुख स्पष्ट कर देंगे।

उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें 30 जून को महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के विपक्ष के नेता के रूप में अजीत पवार के इस्तीफे के बारे में जानकारी नहीं थी और उन्होंने एनसीपी में विभाजन के लिए उन्हें दोषी ठहराया।

पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना-यूबीटी के विपरीत, पवार ने कहा कि वह विभाजन को कानूनी चुनौती नहीं देंगे और कोई भी जो भी आरोप लगाए, वह जनता की अदालत में जाएंगे और अपना पक्ष रखेंगे।

उन्होंने एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और महासचिव सुनील तटकरे पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की, जिन्हें उन्होंने 10 जून को नियुक्त किया था, लेकिन दोनों अजित पवार के पक्ष में चले गए। उन्होंने कहा कि अपनी जिम्मेदारियां ठीक से नहीं निभाने के कारण विभाजन हुआ।

पवार ने एक सवाल के जवाब में कहा कि आज का घटनाक्रम उनके लिए कोई नई बात नहीं है और याद किया कि कैसे, 1986 में कई नेताओं ने उनका साथ छोड़ दिया था और उनके पास केवल 5 लोग बचे थे, जिनके साथ उन्होंने पूरी पार्टी का पुनर्निर्माण किया था।

हम अब पार्टी का पुनर्निर्माण करेंगे... अब कोई दूसरा स्तर नहीं है। आप जल्द ही पार्टी में नए नेताओं को सामने आते देखेंगे जो राज्य और देश के बारे में चिंतित हैं।

पवार ने यह भी कहा कि उनके पास देशभर से फोन कॉल्स की बाढ़ आ गई है और कॉल करने वालों में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की सीएम मामा बनर्जी भी शामिल हैं, जो अपनी चिंताएं व्यक्त कर रहे हैं।

एक सवाल के जवाब में एनसीपी सुप्रीमो ने कहा कि रविवार की उथल-पुथल पवार कबीले में फूट का संकेत नहीं है और यह परिवार के दायरे से बाहर की राजनीति है।

## शिंदे सरकार में शामिल हुए अजित पवार, ली डिप्टी सीएम पद की शपथ

महाराष्ट्र की राजनीति में रविवार को एक और बड़ा भूचाल आया और तेजी से बदलते घटनाक्रम में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजित पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) तोड़कर अपने समर्थकों के साथ शिव सेना-भारतीय जनता पार्टी गठबंधन सरकार में शामिल हो गए। उन्होंने दोपहर बाद उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इससे पहले पवार ने आज सुबह तीन दर्जन से अधिक अपने समर्थक राकांपा विधायकों की बैठक बुलाई जिसमें राजनीतिक भविष्य की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक के तुरंत बाद, पवार मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस को समर्थन पत्र सौंपने के लिए राज्यपाल रमेश बैस से मिलने के लिए राजभवन पहुंचे और कुछ ही देर बाद उन्होंने मौजूदा विधानसभा के कार्यकाल में तीसरी बार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। अजित पवार के शपथ लेने के साथ ही महाराष्ट्र में अब दो डिप्टी सीएम हो गए हैं।

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के अंडरब्रिज को ब्लास्ट कर उड़ाया, आरोपियों पर रासुका के तहत कार्रवाई



**मंदसौर।** बड़ी खबर मध्य प्रदेश से है। यहां महत्वाकांक्षी परियोजना दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे के अंडरब्रिज को डिटोनेटर से ब्लास्ट कर उड़ाने का मामला सामने आया है। ये अंडरब्रिज मंदसौर जिले शामगढ़ इलाके में बनाया गया था। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर रासुका के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मामला मंदसौर जिले के शामगढ़ के ग्राम बनी का है। यहां से गुजर रहे भारतमाला परियोजना के तहत निर्मित महत्वाकांक्षी दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे को विस्फोटक से क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। मामले में दो आरोपियों सुल्तान सिंह व रमेशचन्द्र ओढ पर रासुका की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि जीआर इन्फ्राप्रोजेक्ट लिमिटेड के सीनियर हाईवे इंजीनियर नेमीचन्द्र सिंघाडिया ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि गांव बनी के पास निकल रहे दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस वे (8-लेन ) पर बने अंडर ब्रिज (बॉक्स कल्वर्ट 515 / 1 आर) को विस्फोटक के माध्यम से विस्फोट कर सुल्तान सिंह ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। पुलिस ने आरोपी पर धारा 427 भादवि 3/4 लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया। विवेचना में पाया कि सुल्तान सिंह के साथी आरोपी रमेशचन्द्र ओढ जिसके पास उच्च विस्फोटक पदार्थ जिलेटिन को विस्फोट करने की मशीन (एयर क्रम्प्रेशर) है और किसी प्रकार का कोई लायसेन्स व वैध दस्तावेज नहीं है। दोनों आरोपियों ने देश की महत्वाकांक्षी परियोजना दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस वे (8-लेन) को विस्फोट कर क्षतिग्रस्त किया और राष्ट्र की सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाया है। यदि समय पर जानकारी नहीं मिलती और एक्सप्रेस वे आवागमन के लिए प्रारम्भ हो जाता तो अत्यधिक जान व माल का नुकसान होता। गंभीर अपराध पर दोनो को ही पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध एनएसए की कार्रवाई की है।

# छह जुलाई को 88 साल के होने जा रहे दलाई लामा रोजाना ट्रेडमिल पर लगाते हैं दौड़



**धर्मशाला।** वह 88 साल के हो गए हैं। ट्रेडमिल पर पसीना बहाते हैं और बीबीसी सुनकर समाचारों के प्रति अपनी भूख मिटाते हैं। वह दलाई लामा हैं, जो 6 जुलाई को अपना 88वां जन्मदिन मनाएंगे। उनके सहयोगियों का कहना है कि वह शाकाहारी हैं, गर्म दलिया खाते हैं और ट्रेडमिल पर दौड़ते हैं या नियमित रूप से टहलते हैं।

परम पावन, जो उनके अनुयायियों द्वारा दिया गया सम्मान है, अपने दिन की शुरुआत सुबह तीन बजे प्रार्थना और ध्यान के साथ करते हैं।

उसके बाद, वह फिट रहने के लिए अपने आधिकारिक महल में सुबह थोड़ी देर टहलते हैं या ट्रेडमिल पर चलना पसंद करते हैं।

और वह गर्म दलिया, त्सम्पा (जौ पाउडर) और चाय के साथ रोटी खाते हैं।

कोई टेक्स्टिंग नहीं, कोई टेलीविजन नहीं और कोई संगीत नहीं। बौद्ध भिक्षु, जिन्हें 1989 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, नाश्ते के दौरान नियमित रूप से अपने रेडियो को अंग्रेजी में बीबीसी वर्ल्ड न्यूज़ पर ट्यून करते हैं।

सहयोगियों का कहना है कि प्रात: 6 बजे से 9 बजे तक परमपावन अपना प्रात:कालीन ध्यान और प्रार्थना जारी रखते हैं।

सुबह 9 बजे के बाद वह आमतौर पर विभिन्न बौद्ध ग्रंथों और महान बौद्ध गुरुओं द्वारा लिखी गई टिप्पणियों का अध्ययन करने में समय बिताते हैं। दोपहर का भोजन 11.30 बजे से परोसा जाता है।

परम पावन दोपहर 12.30 बजे से अपने कार्यालय आते हैं। दोपहर बाद करीब 3.30 बजे तक कार्यालय में कई दर्शकों के साथ एक साक्षात्कार निर्धारित रहता है।

अपने निवास पर लौटने पर, परमपावन शाम लगभग 5 बजे चाय पीते हैं। इसके बाद उनकी शाम की प्रार्थना और ध्यान होता है। वह शाम को करीब 7 बजे खाली हो जाते हैं।

सीधे शब्दों में कहें तो, दलाई लामा का मानना है कि हमारा जीवन आशा पर आधारित है ङ्क चीजों को अच्छी तरह से बदलने की इच्छा।

हमारा जीवन आशा पर निर्भर है। यदि आपके पास आशा है, तो आप अपने सामने आने वाली समस्याओं को दूर करने में सक्षम होंगे। लेकिन यदि आप आशाहीन हैं, तो आपकी कठिनाइयां बढ़ जाएंगी। आशा करुणा और प्रेमपूर्ण दयालुता से जुड़ी है। दलाई लामा को अक्सर यह कहते हुए उद्धृत किया जाता है, 'मैंने अपने जीवन में सभी प्रकार की कठिनाइयों का सामना किया है, लेकिन मैंने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी।'

उनका कहना है, इसके अलावा, सच्चा और ईमानदार होना आशा और आत्मविश्वास का आधार है। सच्चा और ईमानदार होना झूठी आशा का प्रतिकार है। सच्चाई और ईमानदारी पर आधारित आशा मजबूत और शक्तिशाली होती है।

विश्वभ्रमण करने वाले बौद्ध भिक्षु, जो अपने ट्रेडमार्क मैरून वस्त्र पहनने के लिए जाने जाते हैं, का कहना है कि उनकी आजीवन प्रतिबद्धताओं में से एक शिक्षा के माध्यम से और धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण के साथ आधुनिक भारत में प्राचीन भारतीय ज्ञान को पेश करना और पुनर्जीवित करना है।

बौद्ध विद्वान, जो अपनी सादगी और विशिष्ट आनंदमय शैली के लिए जाने जाते हैं और जिनके लिए महात्मा गांधी अपने अहिंसा के विचार के लिए 20वीं सदी के सबसे प्रभावशाली नेता हैं, धार्मिक नेताओं के साथ बैठकों में भाग लेना पसंद करते हैं, और छात्रों और व्यापारियों को नैतिकता पर व्याख्यान देते हैं।

1959 में, कब्ज़ा तिब्बत पर कब्जा करने वाले चीनी सैनिकों ने ल्हासा में तिब्बती राष्ट्रीय विद्रोह को दबा दिया और दलाई लामा और 80 हजार से अधिक तिब्बतियों को भारत और पड़ोसी देशों में निर्वासन के लिए मजबूर कर दिया।

उनका मानना है कि भारत एकमात्र ऐसा देश है जिसके पास अपने प्राचीन ज्ञान को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ने की क्षमता है। वहीं, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता का कहना है कि वह खुद को भारत का बेटा मानते हैं।

दलाई लामा को अक्सर यह कहते हुए उद्धृत किया जाता है, मेरे दिमाग के सभी कणों में नालंदा के विचार शामिल हैं। और यह भारतीय दाल और चपाती है, जिसने इस शरीर का निर्माण किया है। मैं मानसिक और शारीरिक रूप से भारत का पुत्र हूं।

अपने संबोधनों में, वह अक्सर यह कहते रहते हैं- भारत और तिब्बत के बीच गुरु (शिक्षक) और चेला (शिष्य) का रिश्ता है। जब मैं अपने गुरु का कुछ हिस्सा भ्रष्ट होते देखता हूं, तो एक चेला होने के नाते मुझे शर्म आती है।

दलाई लामा ने 20 जून को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उनके 65वें जन्मदिन पर बधाई देते हुए लिखा, यह वर्ष हमारे निर्वासन जीवन का 64वां वर्ष है। हम तिब्बती हमारे प्रति उदारता और दयालुता के लिए भारत की सरकार और यहां लोगों के प्रति बेहद आभारी हैं। उनका कहना है, जैसा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय भारत के कद के बारे में अधिक जागरूक हो गया है, न केवल दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में, बल्कि अब दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश के रूप में भी, हमें भारत की ताकत और उभरते नेतृत्व पर गर्व महसूस होता है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि भारत अधिक शांतिपूर्ण, अधिक दयालु विश्व के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने को तैयार है। 1959 में तीन सप्ताह की कठिन यात्रा के बाद भारत पहुंचने पर, दलाई लामा ने पहली बार उत्तराखंड के मसूरी में लगभग एक वर्ष तक निवास किया।

10 मार्च, 1960 को धर्मशाला जाने से ठीक पहले, जो निर्वासित तिब्बती प्रतिष्ठान के मुख्यालय के रूप में भी कार्य करता है, दलाई लामा ने कहा था- निर्वासन में हममें से जो लोग हैं, उनके लिए मैंने कहा कि हमारी प्राथमिकता पुनर्वास और हमारी सांस्कृतिक परंपराएं निरंतरता होनी चाहिए । हम तिब्बती अंतत: तिब्बत की स्वतंत्रता पुन: प्राप्त करने में सफल होंगे।

# पीएफआई मामले में पटना से दरभंगा तक एनआईए की छापेमारी, एक संदिग्ध हिरासत में



**पटना।** बिहार में पटना के फुलवारीशरीफ और दरभंगा में एनआइए द्वारा छापेमारी की सूचना सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार पीएफआइ के ठिकानों पर छापेमारी की गई है। इस छापेमारी में आतंकवाद निरोधी दस्ता भी शामिल है। दरभंगा में बहेरा थाना क्षेत्र में कार्रवाई की गई है।

जानकारी के अनुसार, पीएफआई के फुलवारीशरीफ मामले में ये कार्रवाई की गयी है। रविवार सुबह अचानक एनआइए और बिहार एटीएस की टीम ने मिलकर छापेमारी शुरू की। बताया जा रहा है कि दरभंगा में बहेरा थाना क्षेत्र में कार्रवाई की जा रही है जबकि पटना में फुलवारीशरीफ में रेड मारी गई।

पटना में इमारत-ए-शरिया के पास एक किताब की दुकान में छापेमारी की जा रही है। उस किताब के दुकानदार रियाजुद्दीन कासमी हैं। बताया जा रहा है कि इसमें कई भाषाओं की धार्मिक किताबें खरीदी और बेची जाती है। एनआईए को आशंका है कि यहां से धार्मिक उन्माद फैलाने की गतिविधियां संचालित होती है। हालांकि, जानकारी के मुताबिक अभी तक कुछ भी आपत्तिजनक बरामद नहीं किया जा सका है।

स्थानीय लोगों से बातचीत में पता चला है कि आज सुबह से ही रेड किया जा रहा है। एनआईए की टीम रात 2:00 बजे ही पहुंच गई थी। रियाजुद्दीन अंसारी के घर पर भी छानबीन की गई है। पटना के फुलवारीशरीफ इलाके में ही पीएफआई के ट्रेनिंग सेंटर का खुलासा हुआ था जिसमें संदिग्धों की गिरफ्तारी भी हुई थी।

## 2009 दंगा मामला : मप्र कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी, 3 अन्य को एक साल की जेल



**भोपाल।** भोपाल की एक एमपी-एमएलए अदालत ने शनिवार को मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी को दंगा करने और सरकारी अधिकारियों के काम में बाधा डालने के करीब डेढ़ दशक पुराने मामले में एक साल कैद की सजा सुनाई। इसी मामले में पटवारी के अलावा पूर्व कांग्रेस विधायक कृष्णमोहन मालवीय समेत तीन अन्य को भी एक साल कैद की सजा सुनाई गई थी। पटवारी सहित प्रत्येक पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

अदालत ने मामले में 13 अन्य आरोपियों को भी नोटिस जारी किया, जो शनिवार को सुनवाई के दौरान उपस्थित नहीं थे।

2009 में मध्य प्रदेश कांग्रेस ने राजगढ़ जिले में बिजली बिल में बढ़ोतरी सहित किसानों के मुद्दे पर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई।

मारपीट के दौरान हुए पथराव में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह भी घायल हो गए।

पुलिस ने तब 17 लोगों को गिरफ्तार किया था, उनमें से ज्यादातर कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता थे और उन पर आईपीसी की धारा ङ्क 148, 294, 353, 332, 336, 506 (2), 427 और सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 के तहत मामला दर्ज किया गया था। .अदालत में मौजूद इंदौर की राऊ विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक ने कहा, मैं हाथ जोड़कर अदालत के फैसले का सम्मान करता हूं। लेकिन, मैं मध्य प्रदेश के किसानों के हित के लिए लड़ता रहूंगा। मैं फैसले को ल्द ही उच्च न्यायालय में चुनौती दूंगा।

# मायावती का बड़ा बयान, कहा- बसपा यूसीसी के विरोध में नहीं, लेकिन भाजपा का तरीका गलत



**लखनऊ।** यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री व बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर आज सोमवार को लखनऊ में पार्टी का पक्ष रखा है। इस दौरान बसपा प्रमुख मायवती ने कहा, हमारी पार्टी यूसीसी के विरोध में नहीं है। लेकिन उसे जबरन थोपने का प्रावधान बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के संविधान में निहीत नहीं है।


कार ए.सी.
सभी कंपनी के फोर व्हीलर के लिए...
● कार एसी रिपेयरिंग एवं न्यू फिटिंग
● 3D कम्प्युटराईज व्हील एलाइमेंट
● कम्प्यूटराईज्ड व्हील बैलेसिंग
● टायर चेंजर
● टायर नाईट्रोजन
शिवा मोटर्स
जिन्दल रोड, जगतपुर
गणपति कार पार्लर के पीछे रायगढ़
98279-22799, 7771888889
A/C कार मेकेनिक की आवश्यकता है।

रायगढ़ का नं.1 कोचिंग संस्थान
कैवल्य एकेडमी
सफलता का प्रवेश द्वार
नये बैच में प्रवेश प्रारंभ
CG-PSC व्यापम SSC रेल्वे बैंकिंग
आगामी परीक्षायें :- एडीईओ, शिक्षक भर्ती, सहकारिता विभाग, छात्रावास अधीक्षक
बाल विकास, पंचायती राज, हिंदी व्याकरण अंग्रेजी ग्रामर की विशेष कक्षाएं..
पता :- मिश्रा काम्पलेक्स, सरला विला से पहले चक्रधर नगर चौक, रायगढ़ (छ.ग.)
मो. 73898-82021, 7389411879
डायरेक्टर सतीश शर्मा

शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. केदारनाथ पटेल
डॉ. पी.के. गुप्ता
मास्टर हेल्थ चेकअप, स्पायरोमेट्री, ट्रेडमिल टेस्ट
डॉ. भरत शुंभ
दांतों की जांच, उपचार एवं सर्जरी
डॉ. टी.एल. पटेल

संजीवनी स्टोन क्लीनिक
डॉ. ए.के. तिर्की
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
किडनी, रीनल स्टोन, लिथोट्रिप्सी द्वारा बिना ऑपरेशन पथरी तोड़ना, डॉप्लर द्वारा बवासीर का ऑपरेशन जनरल सर्जरी लेप्रोस्कोप द्वारा ऑपरेशन, मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
मो. 094252-51106
माडर्न सुविधायें
हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीण कुमार
(एम.एस.) आर्थो
मिलने का समय 1:30 से 2:30 बजे दोपहर, शाम 6 से 7 बजे
डॉ. धनंजय पटेल
शिशु रोग, B.S.
संजीवनी डायग्नोस्टिक सेंटर
(सम्पूर्ण पैथोलॉजी जांच)
प्रसूति, स्त्री रोग एवं इनफर्टिलिटी सेंटर
डॉ. मालती कुमारी
एमबीबीएस, डीजीओ
सुबह 11 से 2 बजे एवं शाम 6 से 7 बजे
सामान्य प्रसव, सीजेरियन, बांझपन
स्त्रीरोग संबंधी सभी प्रकार के ऑपरेशन
क्रिटिकल नर्सिंग केयर
डॉ. फाल्गुनी पटेल 97541-90912
डॉ. भोजराज बेहरा 96687-95351
डॉ. सीमा माझी 79999-29272
Sharda Medicose Branch
07762 222509
Raigarh Blood Bank
रायगढ़ ब्लड बैंक
प्रदीप : 9826139366
SANJIVANI DIAGNOSTIC CENTRE Mob. : 99932 29622
AMBULANCE SERVICE Mob. : 7999582397
श्वांस एवं छाती रोग विशेषज्ञ
डॉ. गणेश पटेल
(Resp. Medicine)
विजिटिंग डॉक्टर
डॉ. अमित आशीष तिर्की
एम.बी.बी.एस. एनेस्थिसिया
आईसीयू एवं एनआईसीयू
डॉ. यू.एस. गुप्ता
डॉ. अभिषेक अग्रवाल
24x7 Helpline
8103889999

गोपी (A/c) में ता. 30 से रोजाना 4 खेल
समय :- 12, 3 व 6 और 9 बजे रात
निर्माता-भारती वर्मा की मधुर संगीतमय हंसी मजाक से भरपूर
जीरो बनही हीरो छत्तीसगढ़ी फिल्म
● मन कुरैशी ● भूमिका दास ● किसन सेन ● पूनम सेन

# जनकर्म

रामनिवास (A/c) में ता. 5 मई से
रोजाना - 12, 3 व 6 और 9 बजे
कॉमेडी और एक्शन से भरपूर, सतीश जैन कृत
ले शुरू होगे मया के कहानी
● अमलेश नागेश ● इल्सा घोष छत्तीसगढ़ी फिल्म



# बारिश ने लगाई सब्जियों में आग, टमाटर भी हुआ 90 पार

## लोकल आवक कम होने से सब्जियों के दाम छू रहे आसमान

**जनकर्म न्यूज**

**रायगढ़।** पहली बारिश में ही सब्जियों की फसल नुकसान हो गई है। लोकल आवक कम होने से सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। महंगाई से टमाटर लाल हो गई है। दाम बढ़ने से मंडी भी सुनसान नजर आ रही है।

दरअसल पुसौर, गढ़उमरिया, बरमकेला, दानसरा, सारंगढ़, ओडिशा लैलूंगा में सब्जी की खेती होती है। यहां के किसान सब्जियों को पटेलपाली मंडी में लाकर खपाते हैं, लेकिन हाल ही में हुई बारिश से अधिकांश किसानों के खेतों में लगी फसल बर्बाद हो गई है। जिससे सब्जियों की लोकल आवक कम हो गई। कुछ गिने-चुने किसान ही मंडी में 20 से 30 किलो सब्जी लेकर पहुंच रहे हैं। सब्जियों की मात्रा कम होने से उसके दाम भी बढ़ गए हैं। लोगों को सबसे ज्यादा टमाटर रूला रहा है। क्योंकि सभी सब्जी को बनाने में टमाटर की आवश्यकता पड़ती है, लेकिन टमाटर का दाम 100 किलो हो जाने से लोग अब इससे भी दूरी बनाने लगे हैं। संजय मार्केट के सब्जी व्यवसायी बताते हैं कि पहले लैलूंगा, लुडेग क्षेत्र से टमाटर आता था तो इसके दाम भी कम थे। अब टमाटर बैंगलोर से आ रहा है। ट्रांसपोर्टिंग मिला कर व्यवसायियों को ही यह टमाटर 80 से 85 रुपए किलो पड़ रहा है। सिर्फ टमाटर ही नहीं अन्य हरी सब्जियों के दाम ने भी आग लगा दी है। फूलभोगी, बरबट्टी की लोकल खेती नहीं होने से ये सब्जियां भी रायपुर, भाटापारा तरफ से आ रही हैं। जिससे इनके दामों में भी काफी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है।





### नई फसल आने तक रहेगी महंगाई

व्यवसायियों का कहना है कि अब जिले सहित आसपास के किसान नई फसल लगाना शुरू करेंगे।सब्जी तैयार होते तक तीन से चार माह लग जाएगा। इसके बाद जब सब्जी मंडी में उतरेगी तो उनके दाम फिर से सामान्य हो जाएंगे, लेकिन तब तक सब्जियों के दाम और बढ़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

बारिश में किसानों की सब्जी की फसल खराब हो गई है। जिससे लोकल आवक कम ही हो गई है। सब्जियों की मात्रा कम होने से दाम भी बढ़े हैं। वहीं बाहर से भी टमाटर सहित अन्य सब्जियां महंगी आ रही है। नई फसल लगते तक दामों में बढ़ोत्तरी रहेगी।

**-अभिलाष कछवाहा, सचिव, सब्जी मंडी**

### सब्जी व्यवसायी कर रहे दूसरा धंधा

संजय मार्केट में दुकानदारों से पता चला कि सब्जियों के दाम महंगे होने से ग्राहक भी आना बंद कर दिए हैं। गिने-चुने ग्राहकों से उनकी सब्जी पूरी तरह बिक नहीं पा रही है, क्योंकि दाम ही इतने महंगे हैं। ऐसे में दुकानदारों को नुकसान ही हो रहा है, क्योंकि सब्जियां बच जाने से सड़-गल जा रहे हैं।ऐसा ही हाल टमाटर का भी है।महंगे दाम होने से लोग टमाटर खरीदने से कतरा रहे हैं, जिससे टमाटर भी खराब हो रहा है।यही कारण है कि कुछ दुकानदार सब्जी दुकान को बंद कर दूसरा धंधा कर रहे हैं।

### सब्जियों के दर पर एक नजर

टमाटर 100 रुपया किलो, पत्ता गोभी 40 रुपया किलो, अदरक 280 रुपया किलो, शिमला मिर्च 160 रुपया किलो, शलजम 80 रुपया किलो, खीरा 40 रुपया किलो, नींबू 10 का चार, हरी मिर्च 120 रुपया किलो, धनिया पत्ती 150 रुपया किलो, लौकी 40 रुपया किलो, परवल 80 रुपया किलो, फूल गोभी 100 रुपया किलो, बैगन 60 रुपया किलो, बरबट्टी 160 रुपया किलो, भिंडी 60 रुपया किलो, मुनगा 80 रुपया किलो, तोरोई 60 रुपया किलो, मूली 40 रुपया किलो।

# छग का प्रतिनिधित्व नहीं करते इसलिए मोदी के कार्यक्रम में नहीं जा रहे भूपेश : गोमती साय

## बिना बुलाए भगवान के घर नहीं जाने भूपेश के बयान को सांसद ने अहंकारी बताया



**जनकर्म न्यूज**

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के छग प्रवास के दौरान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भूपेश बघेल द्वारा निमंत्रण मिलने पर जाने के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद गोमती साय ने कहा मोदी जी देश की साथ छत्तीसगढ़ वासियों के भी प्रधान मंत्री है और भूपेश बघेल प्रदेश के मुखनमंत्री है छग का प्रतिनिधित्व करने के नाते कार्यक्रम में जाना उनका दायित्व है। सांसद ने कहा आजादी के पचास सालो के बाद भी छत्तीसगढ़ प्रदेश का गठन नही किया गया लेकिन भाजपा के अटल बिहारी की सरकार ने ढाई करोड़ छत्तीसगढ़ वासियों को पोस्ट कार्ड मे प्रदेश का पता लिखाने का हक दिया । कांग्रेस की सत्ता के दौरान छग प्रदेश पिछड़े पन का दंश झेलता रहा लेकिन भाजपा की रमन सरकार ने छग को बीमारू राज्य की कतार से निकाल कर अग्रणीय राज्यो को कतार में ला खड़ा किया। छग में आने वाले बीजेपी नेताओं द्वारा झूठ बोलने के बयान पर गोमती साय ने कहा पूरा प्रदेश जानता है कि शराब बंदी के लिए झूठी कसम किसने खाई? शराब बंदी के लिए गंगा जल का कसम खाने वाली सरकार शराब की आड़ मे घोटाले कर रही। झूठे वादों के दम पर सत्ता में आई भूपेश सरकार ने कर्मचारियों के साथ किए वादे पूरे नहीं किए। गृह मंत्री द्वारा धान खरीदी के बयान को झुठलाए जाने के बयान कर गोमती साय ने कहा भूपेश सरकार बताए उन्होंने पांच सालो में धान खरीदी के लिए कितना प्रावधान किया। वर्तमान में मोदी सरकार द्वारा धान का समर्थन मूल्य बढ़ाया गया । केंद्र की योजनाओ की नाव पर सवारी करने वाले भूपेश बघेल ने हजारों करोड़ का ऋण लेकर प्रदेश वासियों को कर्जदार बना दिया।

अगर बुलाएंगे तो शैतान के घर भी जाएंगे और नहीं बुलाएंगे तो भगवान के घर भी नहीं जाएंगे। भूपेश बघेल के इस बयान हास्यास्पद पद बताते हुए सांसद गोमती साय ने कहा वे बार बिना बुलाए दिल्ली गांधी परिवार के यहां माथा टेकने क्यों जाते है? भाजपा कार्यकर्ताओं को टारगेट कर उनकी हत्या की जा रही है प्रदेश में नक्सलवाद की घटनाएं हो रही है भूपेश बघेल से नक्सल वाद नियंत्रित नही हो रहा। झीरम घाटी में कांग्रेस नेताओं की हत्या की जांच की मांग करने वाले भूपेश बघेल सत्ता मे आते ही अपने नेताओ के बलिदान को भूल बैठे। कांग्रेस की सत्ता के हाथ खून से रंगे होने की संभावना बताते हुए सांसद ने कहा भूपेश सरकार की तुष्टिकरण की नीतियों की वजह से लव जेहाद की घटनाएं बढ़ी है और हिंदुओ पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ी है। धर्मांतरण की घटनाएं भी बढ़ी है।

# विस्थापन लाभ के लिए बरौद खुली खदान में होगा आंदोलन मांगे पूरी नहीं होने पर 6 जुलाई से ग्रामीण करेंगे खदान बंद

## क्षेत्रीय विधायक लालजीत सिंह राठिया एवं रायगढ़ सासंद गोमती साय के प्रति नाराजगी

**जनकर्म न्यूज**

**रायगढ़।** एसईसीएल के बरौद कोल ब्लॉक प्रभावितों द्वारा अपनी मांगो को लेकर एक बार फिर से मुखर हो गए हैं। अपनी मांगो को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर मांगे पूरी करने कहा गया है। मांगे पूरी नहीं होने पर प्रभावितों के द्वारा आंदोलन का शंखनाद किया जाएगा। प्रभावितों की मांगे पुरी नहीं होने पर बरौद के समस्त विस्थापित परिवारों द्वारा 6 जुलाई गुरूवार से बरौद खदान के मुख्य गेट पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन , आर्थिक नाकाबंदी , काम रोको आंदोलन किया जावेगा ज्ञापन के माध्यम से शासन प्रशासन तथा प्रबंधन को आन्दोलन की सूचना दिया जा चुका है।

जिले के धरमजयगढ़ स्थित ग्राम बरौद को एसईसीएल द्वारा कोल बेरिंग एक्ट के तहत अर्जन एवं विकास अधिनियम 1957 की धारा 9(1) की अधिसूचना भारत के राजपत्र में प्रकाशन 25 दिसंबर 2010 के तहत् भू -अर्जन तथा छत्तीसगढ़ शासन के आदर्श पुनर्वास निति एवं कोल इंडिया पुर्नस्थापना निति के तहत् विस्थापन किया जा रहा हैं। जिसमे 331 परिवारों को विस्थापित किया जाना है । ग्राम बरौद के विस्थापित परिवारों का विस्थापन लाभ कोल इंडिया के नियमानुसार तथा जिला पुर्नवास समिति मे तय व जानकारी देकर 03 लाख निर्धारित किया गया है । जबकि एसईसीएल के कोरबा जिला के संचालित खदानों में दिपका परियोजना एवं अन्य परियोजनाओं के लिए बसाहट के लिए विस्थापित परिवारों का विस्थापन लाभ 03 लाख था जिसें एसईसीएल द्वारा संसोधित कर 10 लाख रूपया से अधिक निर्धारित किया गया है तथा सम्पूर्ण ग्राम के समस्त पात्र भू-विस्थापित एसईसीएल की भूमि /भू खण्ड पर नही जाते है तो 5 लाख अतिरिक्त पारितोषिक/प्रोत्साहन राशि का नियम लागू किया गया है । जो बरौद विस्थापित परिवारों का भी बसाहट पुर्नवास राशि 10 लाख रूपया प्रदान किया जावे तथा बरौद विस्थापित परिवार भी एसईसीएस के भूमि /भू - खण्ड पर नही जाना चाहते है पारितोषिक /प्रोत्साहन राशि के रूप में अतिरिक्त 5 लाख प्रदान किया जावे।





### क्या कहते है एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के कार्मचारी

ग्रामीणों को भ्रमित जानकारी देते हुये एसईसीएल के आलाअधिकारियों द्वारा जानकारी दिया जाता है की कोरबा जिले के संचालित खदान दिपका परियोजना एवं अन्य परियोजनाओं में कोयले का सीम /लेयर अधिक होने तथा उत्पादन अधिक होने से वहाँ के विस्थापित परिवारों को विशेष पुर्नवास निति लागू कर वहाँ के विस्थापित परिवारों को विस्थापन लाभ अधिक प्रदान किया जा रहा।

### क्या कहते है ग्रामीण

ग्रामीणों ने कहा की एसईसीएल के कोरबा जिले के संचालित खदानों में विस्थापित परिवारों का विस्थापन लाभ 10 लाख है । जो वहाँ भी पहले 03 लाख ही था अभी अभी एसईसीएल द्वारा नियम में संसोधित कर 10 लाख किया गया है तथा पारितोषिक /प्रोत्साहन के रूप मे अतिरिक्त 5 लाख किया गया है हमारे यहाँ भी 03 लाख है उसे संसोधन कर लाभ प्रदान किया जावे । रही बात कोयले की सीम /लेयर उत्पादन अधिक करने की तो ये हमारे साथ गलत हो रहा है जो बड़ी दुख की बात है । ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर करते हुये कहाँ की हमारी समस्याओं को प्रशासन के ओर से एस.डी.एम घरघोड़ा द्वारा गंभीरतापूर्वक ध्यान नही दिया जा रहा है ना राज्य सरकार ना केन्द्र सरकार अब हमारे पास एक ही रास्ता है एसईसीएल मुख्य गेट पर परिवार सहित अनिश्चित कालीन हड़ताल करने की ।

# गर्ल्स कॉलेज में नए सत्र से एमए इतिहास की कक्षाएं होगी शुरू

## उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेज और छात्राओं को दी सौगात

**रायगढ़।** नए सत्र से गर्ल्स कॉलेज में एमए इतिहास की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेज व छात्राओं को नई सौगात दी है। स्व. नंद कुमार पटेल यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आने वाले केएमटी महिला महाविद्यालय (गर्ल्स कॉलेज) रायगढ़ की छात्राओं द्वारा समय समय-समय पर विभिन्न संकाय प्रारंभ करने की मांग प्राचार्य के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग से की जाती रही है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा मंत्रालय ने छात्राओं के मांग पर नए सत्र से केएमटी महिला महाविद्यालय में एमए इतिहास की कक्षाएं प्रारंभ करने का आदेश जारी करते हुए महाविद्यालय और छात्राओं को एक नई सौगात प्रदान की है। ज्ञात हो की शिक्षण सत्र 2022-23 में बीए अंतिम वर्ष की छात्राएं प्रियम चौधरी, ज्योति सिंह, निशा साहू, सोनी सिंह, शेख नाजनीन एवं अन्य छात्राओं ने अपने महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग से महिला महाविद्यालय में एमए इतिहास, एमए राजनीति शास्त्र एवं अंग्रेजी विषय में एमए तथा स्नातक स्तर पर बीएससी की कक्षाएं प्रारंभ करने की थी। जिस पर विचार करते हुए उच्च शिक्षा विभाग ने निर्णय लेते हुए एमए इतिहास तथा बीएससी प्राणी शास्त्र एवं जंतु विज्ञान प्रारंभ करने का आदेश प्रदान कर छात्राओं के मांग को सम्मान देने का कार्य किया है।

# गुरु पूर्णिमा आज, बनोरा गुरुपीठ तक पहुंचने वासुदेव बस की निशुल्क सेवा




**जनकर्म न्यूज**

**रायगढ़।** 3 जुलाई सोमवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु महिमा व आस्था के सबसे प्रतिष्ठित केन्द्र बनोरा गुरुपीठ आश्रम मे हर साल की तरह इस बार भी गुरु दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड जुटने जा रही है। ऐसे मे गुरुदेव बाबा प्रियदर्शी राम के अनन्य शिष्य तथा जिले के सबसे बडे पब्लिक ट्रांसपोर्टर वासुदेव परिवार ने तीन दिन पहले से रायगढ रेलवे स्टेशन व केवडाबाडी बस स्टैण्ड तथा ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैण्ड से बनोरा आश्रम तक निशुल्क लक्ज़री बस सेवा शुरु कर दी है।यह बस गुरुपूर्णिमा पर्व तक गुरु दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को बनोरा आश्रम तक पंहुचाने और वापस छोडने मे संलग्न रहेगी।साथ ही प्रियदर्शी वासुदेव परिवार की ओर से श्रद्धालुओं के लिए जलपान का भी प्रबंध किया गया है। गुरु कृपा मानकर श्रद्धालुओं को आश्रम तक पंहुचने की सुगम व्यवस्था करने वाले गुरु के अनन्य शिष्य वासुदेव परिवार के सेवाभाव की चहुंओर सराहना हो रही है।गौरतलब है कि लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बनोरा गुरूपीठ मे गत दो वर्षों से कोरोना के कारण गुरूपूर्णिमा पर गुरु का आशीर्वाद हासिल करने से दूर दराज के श्रद्धालू बंचित रह गए थे,चूंकि इस वर्ष उक्त आपदा से राहत की वजह से पुन: श्रद्धालुओं का हुजूम गुरू दर्शन के लिए उमड़ पड़ा है जिन्हें प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहर से आश्रम तक परिवहन सुबिधा उपलब्ध कराकर प्रियदर्शी वासुदेव परिवार मालिक के आशीष,कृपा व पूण्य का भागीदार बनने मे सार्थक भूमिका निभा रहा है।

# लायंस क्लब रायगढ़ प्राइड की नवीन कार्यकारणी का गठन

## लता दीपक अग्रवाल डोरा अध्यक्ष, विनीता अग्रवाल सचिव व आभा अग्रवाल कोषाध्यक्ष होंगी







**जनकर्म न्यूज**

**रायगढ़।** अंतराष्ट्रीय समाजिक संस्था द इंटरनेशनल लॉयन्स क्लब एसोसिएशन 3233 - सी की शाखा लॉयन्स क्लब रायगढ़ प्राइड की समस्त सदस्यों की बैठक में सर्वसम्मति से नवीन पदाधिकारियों का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष लायन लता दीपक अग्रवाल डोरा, सचिव लायन विनीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन आभा अग्रवाल, प्रथम उपाध्यक्ष लायन आशा बेरीवाल, द्वितीय उपाध्यक्ष लायन पूनम सिंग, क्लब एनसीआईएफ कोऑर्डिनेटर लायन मंजू बैजनिया, मेम्बरशिप चेयरपर्सन लायन डॉ नेहा अग्रवाल क्लब सर्विस चेयरपर्सन लायन भावना पुलत्स्य, क्लब मार्केटिंग कम्युनिकेशन चेयरपर्सन लायन शिखा रात्रे और क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन अनिता शिव अग्रवाल बने। बड़े हर्ष की बात है कि रायगढ़ के ही लायन शैलेश अग्रवाल नए सत्र में डिस्ट्रिक्ट 3233 के गवर्नर है, और क्लब से ही लायन डॉ स्नेहा चेतवानी जी जोन चेयरमेन बनाई गईं हैं। जिनके नेतृत्व मे अच्छे कार्य करने का पूरा प्रयास होगा। लायन लता जी का कहना है, डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मिशन हैप्पीनेस के तहत कार्य कर लोगों के जीवन मे खुशियाँ लाने से हमें बहुत खुशी होगी।









# तीन साल बाद जागी शहर सरकार, महिलाओं के लिए शहर में बनाए गए पिंक टॉयलेट





निगम के बजट में महिलाओं के लिए टॉयलेट व हॉस्टल का सपना दिखाकर भूली शहर सरकार
ढाई साल में एक भी पब्लिक टॉयलेट नहीं बना सकी निगम
अब तक जमीन भी ढूंढ नहीं सके
गर्ल्स हॉस्टल की है दरकार

**जनकर्म न्यूज**

**रायगढ़।** आखिरकार तीन साल बाद शहर सरकार नींद से जाग गई है। जनकर्म में छपी खबर के बाद महिलाओं के लिए शहर के तीन स्थानों पर पिंक टॉयलेट बनाए गए हैं। सीएसआर मद से जिंदल कंपनी द्वारा काम कराया जा रहा है। जिससे अब शहर आने वाली महिलाओं को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

दरअसल कुछ साल पहले बजट में महिलाओं को टॉयलेट का सपना दिखा कर शहर सरकार ने इसे भूला दिया था। जब जनकर्म ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया तो शहर सरकार की काफी किरकिरी हुई। इसके बाद आनन-फानन में महिला टॉयलेट के लिए स्थानों का चयन किया गया। अभी शहर के तीन स्थानों में सीएसआर मद से 4-4 लाख रुपए की लागत से पिंक टॉयलेट बनाए गए हैं। जिसके सारी सुविधाएं हैं। अभी शहर के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ चौक, रायगढ़ स्टेडियम मार्ग दुर्गा मंदिर के पास व गोपी टाकीज के पास ये टॉयलेट बन कर तैयार हो गए हैं। कहा जा रहा है कि शहर के अन्य स्थानों में भी पिंक टॉयलेट बनेंगे, उसकी प्रक्रिया चल रही है। गोपी टाकीज के पास टॉयलेट का काम कर रहे जिंदल कंपनी कर्मचारी ने बताया कि टॉयलेट के बगल में जमीन के अंदर 3000 लीटर का टंकी लगाया गया है। जिसमें 200 लीटर का चार डिब्बा कैमिकल मिलाया जाएगा। इस कैमिकल में बैक्टेरिया होने से वो वेस्ट को नष्ट करेंगे और सिर्फ पानी ही रिलिज होगा। टॉयलेट में पानी का कनेक्शन निगम देगा। इसके लिए वो अपने स्तर से काम करेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक **गौतम अग्रवाल** द्वारा पीकेपी पब्लिसर्स एण्ड प्रिंटर्स, जिला पंचायत के पीछे, रायगढ़- 496001 (छ.ग.) से मुद्रित करवाकर जनकर्म परिसर, नेत्र चिकित्सालय के पीछे, रायगढ़- 496001 (छ.ग.) से प्रकाशित, संपादक **गौतम अग्रवाल**, कार्यकारी संपादक **अमित शर्मा**